राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार , 04 अप्रैल 2025
वर्ष 06, अंक 184, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दस्तक संचारी अभियान के तहत,साफ सफाई की कवायद शुरू ....03

'पोषण भी पढ़ाई भी' थीम पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न...12

# इफको की शानदार उपलब्धि, दूसरे वर्ष में भी तीन हजार करोड़ लाभांश का अनुमान

**● इफको की शानदार उपलब्धि, दूसरे वर्ष में भी तीन हजार करोड़ लाभांश का अनुमान।**

**वर्ष 2024-25 में इफको ने हर छेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंध निदेशक ने समस्त कर्मचारियों को दिया बधाई संदेश।**

**प्रयागराज।** इफको ने नैनो उर्वरकों के उत्पादन और बिक्री में सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। सभी संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थानों ने वित्त वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके लिए, इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. यू. एस. अवस्थी ने इफको परिवार, सहकारी समितियों, सहयोगियों और भागीदारों के लिए एक संदेश साझा किया, उन्हें सफल वित्त वर्ष 2025-26 की शुभकामनाएं दीं। अपने बधाई और शुभ कामना संदेश में डॉ अवस्थी ने कहा है कि सबकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से वित्त वर्ष 2024-25 में भी इफको ने शानदार सफलता अर्जित की है।

**त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय बनाए जाने पर खुशी।**

इफको हर संभव मदद करेगा। इफको ने नैनो उर्वरक और कृषि ड्रोन के रूप में देश के किसानों को अत्याधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी का अनमोल उपहार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबल नेतृत्व तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल निर्देशन में सहकारिता मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय सहकारिता क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करने की घोषणा की है। इसके माध्यम से देश की सहकारी समितियों को अधिक आधुनिक तरीके से काम करने में सक्षम बनाया जा सकेगा। इफको भारत सरकार की इस अभूतपूर्व पहल में सम्पूर्ण सहयोग और समर्थन देगा ।

**130 वर्षों में पहली बार इफको की देख रेख में आईसीए महासभा का आयोजन भारत में हुआ।।**

अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन ( आईसीए ) के 130 साल के इतिहास में पहली बार आईसीए महासभा का आयोजन भारत में हुआ। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ जिसमे इफको की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी की गरिमामयी उपस्थिति मे प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन संपन्न हुआ। यह एक ऐतिहासिक अवसर था जब प्रधानमंत्री के ÷सहकार से समृद्धि, आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि÷ के विचार से प्रेरित और संकल्पित हमारी संस्था ने सहकारिता के इस वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभाई।

इफको अब नैनो एन पी के दानेदार ले आयेगी। जमीन की पोषक तत्व को पूरा करेगी उन्होंने प्रसन्नता के साथ इफको, मिट्टी में प्रयोग होने वाले दानेदार नैनो एनपीके उर्वरक भी लाने जा रहा है। इस दानेदार नैनो एनपीके उर्वरक में मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक और कॉपर प्रचुर मात्रा में हैं जिनसे फसल उत्पादकता बढ़ेगी और पोषक तत्वों की हानि भी कम होगी। यह नया उत्पाद नैनो यूरिया तरल व नैनो डीएपी तरल के साथ मिलकर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग समाप्त कर सकता है। इससे प्राथमिक पोषक तत्वों की उच्च उपयोग दक्षता के साथ संतुलित पोषण को भी बढ़ावा मिलेगा। नैनो तकनीक, ड्रोन तकनीक, एआई तकनीकों को शामिल करके हम देश की कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला में महत्त्वपूर्ण बदलाव ला रहे हैं। इफको के विभिन संयंत्रों और कार्यालयों में कार्यरत वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, बिक्री/विपणन टीमों की प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के कारण ही यह संभव हुआ है।





**300 महिला किसानों ड्रोन दीदी को रोजगार।**

ड्रोन दीदी पहल के अनुसरण में इफको ने इस वर्ष नमो ड्रोन दीदी के रूप में 300 महिला किसानों को तरल उर्वरकों के छिड़काव हेतु ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान किया है । ये नमो ड्रोन दीदियाँ इस नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाकर बाधाओं और रूढ़ियों को तोड़ते हुए ग्रामीण महिलाओं की असीम ताकत और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। हमने 1764 से अधिक ग्रामीण ड्रोन उद्यमियों को भी प्रशिक्षण दिया है । इस तरह इफको, आत्मनिर्भरता और स्थिरता पर आधारित पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में योगदान दे रहा है।

इफको में हमने किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अब तक 2.15 लाख से अधिक क्षेत्र प्रदर्शन किए हैं। किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए इफको ने देश के 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों में क्षेत्र प्रदर्शन किए, जिसमें खरीफ 2024 में उर्वरक विभाग ( डी ए फ ) के मार्गदर्शन में नैनो डीएपी के 1270 और नैनो यूरिया के 200 क्षेत्र प्रदर्शन किये गये। 411 से अधिक आईसीएआर-कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से धान, मक्का, कपास, मूंगफली, मिर्च, सोयाबीन, लाल चना, काला चना, गन्ना, गोभी, फूलगोभी, प्याज, बैंगन, भिंडी, टमाटर, सेब सहित विभिन्न फसलों पर इन प्रदर्शनों की निगरानी की गई । इन परिणामों में पैदावार में वृद्धि देखी गई । नैनो उर्वरकों के माध्यम से भारत में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम सिद्ध हुआ है।

**उत्पादन के छेत्र में कीर्ति मान बनाया।**

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, इफको ने फसल उत्पादकता और गुणवत्ता वृद्धि के साथ बल्क उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए 1 जुलाई, 2024 से एक राष्ट्रव्यापी ÷मॉडल नैनो ग्राम /क्लस्टर परियोजना÷ की भी शुरुआत की। इसके तहत नैनो उर्वरकों के प्रयोग में अग्रणी 203 ग्राम समूहों का चयन किया गया है। इनमें प्रत्येक ग्राम समूह 2000 एकड़ में फैला हुआ है। नैनो ग्राम पोर्टल द्वारा 5 लाख एकड़ क्षेत्र में 90,000 से अधिक किसान पंजीकृत हुए हैं, जिनमें से 40,000 किसानों ने इफको नैनो उर्वरक और सागरिका की 5.30 लाख से अधिक बोतलें खरीदी हैं । कृषि ड्रोन के जरिए 72,000 एकड़ भूमि पर छिड़काव किया गया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस परियोजना से रासायनिक उर्वरक के उपयोग में 28.73न की कमी और फसल की पैदावार में 5.80न की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा कार्बन क्रेडिट परियोजना के तहत इफको, नैनो उर्वरकों के उपयोग के माध्यम से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में हुई कमी के प्रमाणीकरण हेतु नैनो उर्वरकों के प्रयोग से रासायनिक उर्वरकों में आई कमी संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण की संभावना तलाश रहा है।

नैनो प्रौद्योगिकी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए हमने 6 करोड़ से ज़्यादा किसानों को व्हाट्सएप के जरिए नैनो उर्वरकों के फ़ायदे और इस्तेमाल से संबंधित जानकारीपूर्ण वीडियो और अन्य सामग्री भेजी। मैं इस उपलब्धि के लिए विपणन, जन संपर्क और आईटी टीम के प्रयासों की सराहना करता हूँ।

**शेष खबर 12 नं. पेज पर......**

## वक्फ बिल में दो बड़े संशोधन- आदिवासी भूमि और संरक्षित स्मारकों की रक्षा





**स्वतंत्र प्रभात**

**सीनियर रिपोर्टर - विपिन शुक्ला**

**नई दिल्ली।** वक्फ कानून में दो महत्वपूर्ण संशोधनों को शामिल किया गया है, जिनसे आदिवासी समुदायों और राष्ट्रीय धरोहरों को सुरक्षा मिलेगी। इन संशोधनों की चर्चा अपेक्षाकृत कम हो रही है, लेकिन इनके प्रभाव दूरगामी होंगे।

आदिवासी भूमि को वक्फ घोषित करने पर रोक पहला संशोधन यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी आदिवासी की भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। इसका सीधा लाभ झारखंड, छत्तीसगढ़ और अन्य आदिवासी बहुल राज्यों को मिलेगा, जहां आदिवासी समाज अपनी भूमि पर पीढ़ियों से निर्भर है। यह कदम उन शिकायतों को दूर करने में सहायक होगा, जिनमें वक्फ के नाम पर आदिवासी भूमि के अतिक्रमण की बात सामने आती रही है। अब यह संशोधन आदिवासी अधिकारों की रक्षा करेगा और उनकी जमीन पर किसी भी बाहरी दावे को रोकने में मदद करेगा।

संरक्षित स्मारकों और भूमि की सुरक्षा दूसरा अहम संशोधन यह है कि किसी भी संरक्षित स्मारक या संरक्षित भूमि को वक्फ की संपत्ति नहीं घोषित किया जा सकेगा। इतना ही नहीं, अब तक जितनी भी संरक्षित स्मारकों और भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है, वे सभी इस कानून के लागू होने के बाद स्वतः निरस्त मानी जाएंगी। इसका सीधा असर देशभर के करीब 200 ऐतिहासिक स्मारकों पर पड़ेगा, जिन पर वक्फ ने दावा किया था। इनमें दिल्ली का पुराना किला, कुतुब मीनार, सफदरजंग का मकबरा और हुमायूं का मकबरा जैसे ऐतिहासिक स्थल शामिल हैं। इसके अलावा, कर्नाटक में टीपू सुल्तान का मकबरा, महाराष्ट्र में औरंगजेब की पत्नी की कब्र और कर्नाटक के गुलबर्गा किले को भी वक्फ संपत्ति बताया गया था। लेकिन नए संशोधन के बाद ये सभी धरोहरें अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की देखरेख में ही बनी रहेंगी।

राष्ट्रीय धरोहरों की रक्षा का बड़ा कदम यह संशोधन ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा संरक्षित स्मारकों को अब किसी भी अन्य दावे से मुक्त कर दिया गया है। इस फैसले से देश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी और कानूनी उलझनों से बचाया जा सकेगा।

समाज के विभिन्न वर्गों की प्रतिक्रियाएँ इस संशोधन का आदिवासी समाज और इतिहास प्रेमियों ने स्वागत किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी। वहीं, कुछ वर्गों में इसे लेकर असंतोष भी देखा जा सकता है, लेकिन सरकार का तर्क है कि यह निर्णय देश की धरोहरों और आदिवासी समाज की सुरक्षा के लिए आवश्यक था।

इस संशोधन के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इससे जुड़े कानूनी और प्रशासनिक पहलू कैसे आगे बढ़ते हैं। लेकिन इतना तय है कि यह बदलाव वक्फ संपत्तियों के विवादों को एक नई दिशा देगा और आदिवासी भूमि व राष्ट्रीय स्मारकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तालाब में डूब कर वृद्ध महिला की मृत्यु

**मथुरा।** थाना राया की चौकी अनौडा क्षेत्र के गांव नगला हरि में बीती रात शौच करने के लिए गई थी। वहीं मकान के पास बने तालाब में पैर फिसलने से श्रीमती श्यामवती ( 85 ) पत्नी स्व.नारायण सिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। परिवारीजनों को जब वृद्ध महिला चारपाई पर नहीं मिली तो ढूंढने का प्रयास किया गया और इस की सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मकान के पास बने तालाब में वृद्ध महिला का शव ऊतराता दिखाई दिया पुलिस ने शव को तालाब से निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पति की हत्या में पत्नी ही निकली कातिल

**पांच महीने तक पुलिस को दिया चकमा, बिजली के तार और हीटर बरामद**

**मथुरा।** एक और पति की हत्या में पत्नी ही कातिल निकली। तीन लोगों के साथ पत्नी ने अपने पित को मौत के घाट उतारा था। पुलिस घटना में शामिल तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब मृतक की पत्नी को भी पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला ने तीन अन्य के साथ मिल कर बिजली का करंट लगाकर हत्या की थी। पुलिस ने हत्यारोपित मृतक की पत्नी की निशानदेही पर बिजली के तार और हीटर को भी बरामद कर लिया है जिनका उपयोग हत्या में किया गया था। वृंदावन की थाना पुलिस ने वांछित महिला गिरफ्तार किया है। आगरा के बाह निवासी राकेश सिंह पुत्र सरनाम सिंह ने दो अक्टूबर 2024 को वृंदावन थाने में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसके भाई विजयपाल सिंह की करंट लगाकर हत्या की गई और शव को ठिकाने न लगा पाने के बाद एक झूठी कहानी बनाई गई। इस मामले की विवेचना अपराध शाखा फिरोजाबाद द्वारा की जा रही थी। हत्या में शामिल महिला को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

## गोपालपुर मधैया-बधूपुर संपर्क मार्ग जर्जर, राहगीरों को हो रही परेशानी

**स्वतंत्र प्रभात**





**लंभुआ।** गोपालपुर मधैया से बधूपुर बाजार को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि छात्र-छात्राओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। गोपालपुर मधैया गांव के पास एक विद्यालय होने के कारण यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आते-जाते हैं। वहीं, बधूपुर बाजार के निकट रामगढ़ गांव स्थित स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को भी इस रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। जर्जर सड़क के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, यह मार्ग आसपास के लगभग दर्जनभर गांवों को लंभुआ से जोड़ता है, जिससे स्थानीय व्यापारियों, किसानों और दैनिक यात्रियों की निर्भरता इस सड़क पर अधिक है। लंभुआ तहसील मुख्यालय जाने के लिए भी हजारों लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है या फिर जोखिम लेकर इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है।

क्षेत्र में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, कमला प्रसाद सिंह महाविद्यालय और जय भारत इंटर कॉलेज, मथुरा नगर, रामगढ़ के छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। जर्जर सड़क के कारण वे आए दिन परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल हो जाती है, सड़क की गिट्टियां उखड़ गई हैं गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे चलना मुश्किल हो जाता है।

गौरतलब है कि सरकार की महत्वाकांक्षी गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के तहत अब तक इस मार्ग की मरम्मत नहीं हो सकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नेता विधायक सिर्फ वोट लेने के लिए नजर आते हैं इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आवागमन में हो रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

.स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि रास्ता बेहद जर्जर स्थिति में है बच्चों को आने-जाने में समस्या होती है इसके लिए हमने वर्तमान विधायक सीताराम वर्मा जी को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करवा कर मरम्मत करने का निवेदन किया है। खुशेखपुर निवासी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि रास्ता खराब है। इसी रास्ते से प्रतिदिन आना जाना होता है। इसका बनना बहुत जरूरी है। हजारों की संख्या में रोज राहगीर इस रास्ते से आते जाते हैं।

## पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने पर नागरिकों में बड़ा आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण में धांधली के आरोपों की गूंज राजधानी तक पहुंचने पर प्रमुख सचिव के निर्देश पर गठित टीम ने निरीक्षण कर निर्माण सामग्री के नमूने लिए।चार दिन पूर्व गोकर्णतीर्थ के निर्माण में भ्रष्टाचार धांधली का आरोप लगाया गया था इसके वीडियो भी वायरल हुए थे। जैसे ही निर्माण की गुणवत्ता में धांधली के आरोप लगे, लोगों में गुस्सा भी दिखने लगा। भ्रष्टाचार पर विधायक अमन गिरि ने प्रमुख सचिव से व्यक्तिगत रूप से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई और उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता द्वारा जांच कर कार्रवाई की मांग करने पर प्रमुख सचिव के निर्देश पर गठित टीम में पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कल्याण सिंह, पर्यटन निगम गुणवत्ता प्रकोष्ठ और परियोजना निदेशक टीएन सिंह तथा एसपी मिश्रा कॉरिडोर पहुंचे। उनके साथ कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर संकल्प वर्मा, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान टीम ने ईट, मौरंग, सरिया, कंक्रीट, मसाला और बिजली वायरिंग तथा पीवीसी पाइप का नमूना लिया। शासन से गठित टीम के औचक निरीक्षण से कार्यदायी संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरे पर हवाइयां उड़ती रहीं।.जैसे ही पता चला कि धांधली के आरोपों की जांच के लिए शासन से गठित टीम आई है।

## भ्रष्टाचार

# विकासखंड रमियाबेहड़ मे भी निकला बिजुआ वाला भ्रष्टाचारी जिन्न

## ब्लॉक बिजुआ में रामदीप वर्मा तो रमियाबेहड में अनिल कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर बने ठेका कर्मचारी-आरोप

**● कथित ठेका कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार के इशारे पर ही संचालित होता है ब्लॉक बगैर अनिल कुमार की मर्जी के नहीं हिल सकता ब्लॉक का पत्ता ऐसे लोगों के आरोप हैं**

**स्वतंत्र प्रभात**





लखीमपुर खीरी जनपद के ब्लॉक रमिया बेहड़ में भी कंप्यूटर ऑपरेटर के आगे ब्लॉक के सभी अधिकारी कर्मचारी के आदेश बौने साबित होते-देखे जा सकते हैं अनिल कुमार का रसूख बिजुआ के कंप्यूटर ऑपरेटर रामद्वीप वर्मा से कम नहीं है सूत्र बताते हैं कि अनिल कुमार के इशारे पर ही खंड विकास अधिकारी रमिया बेहड़ काम करते नजर आते देखे जा सकते हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दशक से ब्लॉक रमिया बेहड़ में तैनात कथित ठेका कर्मचारी/ कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार द्वारा खंड विकास अधिकारी सहित ए. पी. ओ मनरेगा, टी. ए. और ग्राम पंचायत सचिवों से साठगाँठ करके ब्लॉक रमियाबेहड़ की अधिकांश ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग लगवाई गई है सूत्र बताते हैं कि उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर ही ब्लॉक का सारा काम देखता है वीडियो की तैनाती औपचारिकता भर को है काम सारा अनिल कुमार द्वारा ही देखा जा रहा है जिसके चलते उक्त के द्वारा विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायत में इन्हीं जनाब के द्वारा कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों में जमकर 60 ÷40 के रेशीयो को तोड़कर मानक विपरीत एवं गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करवाया गया है फर्मो को किए गए भुगतान पर एक नजर डालें तो लाखो का भुगतान होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ठेकेदारी प्रथा से इंटरलॉकिंग कार्य करवाकर फर्श से अर्श पर पहुंच गया उनके इस गोरख धंधे में कई ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ए. पी ओ. मनरेगा के शामिल होने की चर्चा आम हो रही है इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों में उनके द्वारा जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाई गई पीला ईटों का प्रयोग करने के साथ-साथ इंटरलॉकिंग की बॉक्सिंग की चुनाई में बालू और नाम मात्र की घटिया किस्म सामग्री से चुनाई कराई गई है जानकार लोगों के अनुसार उक्त अनिल कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर बने रहते ही की गई ठेकेदारी से मानकों को दरकिनार करके कराए गए गुणवत्ता विहीन कार्यों से अकूत संपत्ति बना डाली गई यदि इन के द्वारा अर्जित धनराशि एवं बनाए गए नामी बेनामी संपत्ति की करा ली जाए जांच तो होगा एक बड़े फर्जीवाडा का पर्दाफाश चंद विभागीय सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि असली विकासखंड अधिकारी यही जाने जाते हैं यह साहब के आँख और कान माने जाते हैं जिसका फायदा उठाते हुए उनके द्वारा पूरे ब्लॉक में जमकर ठेकेदारी की गई है और मानक विहीन काम करकर करोड़ों रुपए का चूना सरकारी खजाने को लगाया गया है इतना ही नहीं इनके द्वारा ए. पी ओ. की संलिप्तता में फर्जी हाजिरी एवं पुराने फोटो अपलोड करके रोजाना हज़ारो रुपए मजदूरी के नाम निकालकर आपस में बंदरबाट कर लिए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं यदि मामले की हो जाए जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो बड़ा भ्रष्टाचार आएगा खुलकर सामने और जिम्मेदार अफसर पर कार्रवाई होना तय होगा

**सूचना अधिकार अधिनियम से मांगी गई सूचनाओं को भी नहीं दे रहा दबंग कंप्यूटर ऑपरेटर**

विकासखंड रमिया बेहड़ में अरसे से तैनात रसूखदार कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम का खुला मजाक उड़ाया जा रहा है कई माह बीतने के बाद भी वाछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं उक्त सूचनाओं के लिए आवेदक चार बार विकासखंड रमियाबेहड़ के चक्कर लगा चुका है खंड विकास अधिकारी कार्यालय से एक ही जवाब की आप अनिल कुमार से मिले वही सब देखते हैं और अनिल कुमार साहब मिलते नहीं है जनाब कहीं इंटरलॉकिंग लगवाने में लगे होंगे एक विभागीय सूत्र द्वारा नाम गुप्त रखने के शर्त पर यहां तक बताया कि कई पंचायत सचिवों का पैसा दबाए बैठा है पंचायत सचिव मजबूरन काम इनको देने को विवश होते हैं कारण साहब के लाडले होने के चलते कई ग्राम पंचायत सचिव अपने को काफी उत्पीड़ित महसूस करते हुए दिखाई पडते हैं कंप्यूटर ऑपरेटर के रसूख के आगे किसी की भी बोलने की हिम्मत नहीं होतीहै यदि उनके द्वारा कराई गई इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों की कर ली जाए जांच टीम गठित कर जांच तो उनके साथ ही कई जिम्मेदारों पर भी आएगी कार्यवाही की आँच यह हाल केवल बिजुआ व रमियाबेहड़ में ही नहीं है बल्कि जनपद लखीमपुर की अधिकाश विकासखंडो में रोजगार सेवक ठेकेदारी करते देखे जा सकते हैं शीघ्र ही विकासखंड लखीमपुर और फूलबेहड़ में ठेकेदारी कर रहे रोजगार सेवक का साक्ष्य समेत पर्दाफाश होगा

क्या कहते है खंड विकास अधिकारी रमिया बेहड़ उक्त मामले पर खंड विकास अधिकारी से जानकारी लेने के लिए उनके मोबाइल नंबर 94 5446 5386 पर कॉल की गई घंटी बजती रही फोन नहीं उठने से उनके पक्ष की कोई जानकारी नहीं हो सकी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शराब की दुकान हटवाने की महिलाओं ने की मांग



**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट क्षेत्र के अवतार नगर में घनी आबादी में शराब ठेका खुलने का विरोध करते हुये हटाने की मांग कराते हुये स्थानीय महिलाओं व पुरूषों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया हैं। शराब के ठेकों को लेकर विरोध-प्रदर्शन का क्रम बरकरार है, पिछले दिनों जमकर हंगामा हुआ था। थाना सासनीगेट क्षेत्र के अवतार नगर में देशी शराब ठेका के विरोध में महिलाओं ने अवतार नगर में जाम लगा दिया और दुकान में घुसकर तोड़-फोड़ कर प्रदर्शन किया। अवतार नगर में सोनी रायजादा के नाम पर देशी शराब का ठेका खुला है, तमाम रिहायशी इलाके हैं। अवतार नगर से आयीं दर्जनों महिलाओं व पुरूषों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुये सिटी मजिस्ट्रेट से शराब के ठेका को हटाने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि आबादी में ठेका होने से बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। शराब पीकर लोग आए दिन हंगामा करते हैं। राह चलती महिलाओं पर छींटाकशी की जाती है।

### बदलापुर में उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, मंन्जू दुबे हुई सम्मानित



**जौनपुर महराजगंज।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड बदलापुर के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महराजगंज विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा पूरालाल की आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती मंन्जू दुबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभागीय योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने और बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जानी जाती हैं। इन कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी मेहनत से सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान महराजगंज और बदलापुर ब्लॉक की सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक ने बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन भी किया और उपस्थित गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। यह सम्मान समारोह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों को सराहने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे इसी तरह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें।

### जबसे शिक्षा सरकारी हो गई, तबसे गुणवत्ता कम हो गई - डॉ बालमुकुंद

**रुद्रपुर, देवरिया।** जबसे शिक्षा सरकार देने लगी तबसे उसका असर कम होने लगा। पुरातन काल में भारतीय शिक्षा समाज द्वारा पोषित रही है तब भारत वर्ष विश्व गुरु रहा है। उक्त विचार शिवम सेवा संस्थान द्वारा संचालित साहु राजाराम शिक्षा निकेतन और गिरिजादेवी रामेश्वर प्रसाद पू मा विद्यालय रुद्रपुर देवरिया द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली के डॉ बालमुकुंद ने व्यक्त किया।नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि बिना शिक्षा के बिना मनुष्य,सामाजिक प्राणी नहीं बन सकता। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय ,टीचर के साथ सहयोग करने की बात कही।भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठेलाल निगम ने संबोधित करते हुए बताया कि बिना शिक्षा मनुष्य और पशु में अंतर कम रह जाता है। शिक्षित व्यक्ति उन्नत समाज स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। समारोह को आर एस एस के विभाग प्रमुख दीपेन्द्र व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम ने भी संबोधित किया। प्रबंधक मृत्युंजय प्रसाद विशारद ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्य राम भगत शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समा बांध दिया ,जिसे दर्शकों , अभिभावकों द्वारा सराहा गया। संचालन सुरेन्द्र तिवारी ने किया।

# बस्ती जिला में नगर पंचायत हर्रैया की लापरवाही से नहीं हट रहा गड़ही के जमीन से अतिक्रमण

## जनपद के जिम्मेदारों के आगे बौना पड़ा माननीय उच्च न्यायालय का आदेश

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया नगर पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही से गड़ही के जमीन से अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है जिसकों लेकर ग्राम सिसई , तप्पा- रामगढ़ , परगना - अमोढ़ा तहसील - हर्रैया निवासी विकास पटेल पुत्र राम तौल ने निर्णायक जंग छेड़ दिया है और पत्राचार के माध्यम से जनपद स्तरीय जिम्मेदारों का दरवाजा खटखटाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। प्राप्त समाचार के अनुसार विकास



पटेल ने गड़ही खाते की जमीन के अतिक्रमण को खाली कराने हेतु जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर गड़ही के खाते में दर्ज भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया है । कार्यालयी पचड़ों में अटक कर शिकायती पत्र भटक सा गया है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की स्पष्ट रूलिंग होने के बावजूद भी गड़ही दबंगों से मुक्त नहीं हो पा रही है । इस संबन्ध में जब नगर पंचायत हर्रैया के ई0ओ0 से बात की गयी तो प्रकरण में उनकी खुद की भूमिका संदिग्ध लगी और गड़ही को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु कोई निर्धारित समय नहीं बता पाए ।

### पैसे के हिसाब को लेकर बवाल कर रहे दो गिरफ्तार



**जौनपुर जफराबाद।** थाना क्षेत्र के कचगांव बाजार में पैसे के हिसाब को लेकर विवाद कर रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कचगांव निवासी जवाहिर सेठ व बंशराज सोनी दोनो थानान्तर्गत किसी मुकदमें में आरोपी हैं। बताया जाता है कि जवाहिर सेठ ने मुकदमें में ही स्टे के नाम पर वंशराज सोनी को दस हजार रूपये दिये थे। जब कि वंशराज की दलील है कि वह पैसे उसने वकील को दे दिये। बस इसी बात को लेकर दोनो आपस में झगड़ रहे थे। इधर कस्बे में भ्रमण के लिये निकले उपनिरीक्षक धनुषधारी पाण्डेय ने दोनो को काफी समझाया नही मानने पर उन्हे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि दोनों आरोपियों का शान्ति भंग में चालान कर दिया गया है।

### गांव में सेवानिवृत्त फौजी का हुआ जोरदार स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले रहने वाले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने पर दुबौलिया विकास खंड के बंजरिया सूवी गांव निवासी धरंजय सिंह का बुधवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। दुबौलिया पश्चिम चौराहे से घर तक जवान की आगवानी तमाम युवक व बड़े-बुजुर्गो ने की। सेवानिवृत जवान ने कहा कि हमारा गांव छोटा जरूर है, लेकिन लोगों का दिल काफी बड़ा है। सभी ने मेरे सेवानिवृत्ति को उत्सव के रूप में मनाया है। यह मुझे ताउम्र याद रहेगा। मैं देश सेवा के लिए वर्ष 2003 में गया था। 22 वर्ष की सेवा के बादइतना सम्मान मिला। यह दिन मेरे जीवन के लिए यादगार। मैंने ईमानदारी से हमेशा अपने कर्तव्य का पालन किया है। अब गांव के लोगों के लिए कार्य करूंगा। युवा शक्ति में भटकाव न हो, इसकी पूरी कोशिश होगी। देशहित में युवाशक्ति कार्य करे, इसके लिए भी नवयुवकों को मार्गदर्शन देने का प्रयत्न करूंगा। इस मौके पर शक्ति सिंह, सुनील सिंह, भगवानबक्स सिंह, बाबा भारत दास, सौरव सिंह, चतुर्गुण राजभर, गिरीश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, अमित सिंह, जिगर, हर्ष, अनुराग, शेखर, शिवप्रताप सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

### बस्ती में महिलाओं ने वकील को पीटा, कहा- उनसे फोन पर दी गाली

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिले के कचहरी परिसर में एक विवादास्पद घटना सामने आई है, जहां महिलाओं ने एक वकील को बुरी तरह पीट दिया। यह घटना उस समय हुई जब वकील और महिलाएं किसी मामले को लेकर कॉल पर थी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई थी, जो बाद में हाथापाई में बदल गई।

घटना के बाद, कचहरी परिसर में हड़कंप मच गया और वहां मौजूद अन्य वकील व लोग इस अप्रत्याशित हमले के गवाह बने। मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया और पीड़ित वकील को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस मामले की जांच जारी है. बताया जा रहा दीवानी कचहरी में गुरुवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। कचहरी के गेट नंबर तीन पर दो महिलाओं ने एक




वकील की सरेआम पिटाई कर दी। महिला का आरोप है कि वकील ने फोन पर उसे गाली दी थी। इससे नाराज होकर वह वकील से भिड़ गई। पीड़ित वकील ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। मामूली कहासुनी के बाद एक और महिला भी आ गई। दोनों ने मिलकर वकील की पिटाई शुरू कर दी। घटना के समय मौजूद अन्य वकीलों ने बीच-बचाव की कोशिश की। लेकिन दोनों महिलाएं आक्रोशित थीं। कुछ लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना से दीवानी कचहरी के वकीलों में रोष है। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने घटना की निंदा की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। अब पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

### लापरवाही- डेढ़ साल से गिरी सरकारी ईंटें, नहीं बना चकमार्ग, ग्रामीणों ने उठाई अनोखी मांग

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** थानागद्दी केराकत विकासखंड के ग्रामसभा थानागद्दी के देवनाथपुर मौजा में डेढ़ वर्ष से गिरी सरकारी सीमेंटेड ईटों का ढेर अब ग्रामवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। प्रशासन की अनदेखी और ग्राम प्रधान व पूर्व ग्राम सेक्रेटरी के आपसी विवाद के कारण यह चकमार्ग आज तक नहीं बन पाया। ग्रामीणों ने व्यंग्यात्मक लहजे में ईंटों के इस ढेर को 'विश्व धरोहर' में शामिल करने की मांग कर दी, जिससे यह मामला अब चर्चाओं में आ गया है। विकास कार्यों की अनदेखी बनी बाधा ग्राम प्रधान और पूर्व ग्राम सेक्रेटरी के बीच खींचतान के चलते ग्रामसभा थानागद्दी के विकास कार्य




पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। पूर्व ग्राम सेक्रेटरी सौरभ दुबे लगातार विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रधान को सचेत करते थे, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद अधूरे कार्यों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान विकास कार्यों के बजाय शिकायतें लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटते रहे, जिससे चकमार्ग का निर्माण ठप पड़ा हुआ है।

# संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**तुलसीपुर -** उप केंद्र सेखुईनिया कला में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और इनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में डेंगू बुखार, मलेरिया, फाइलेरिया, डायरिया और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों के बारे में जन सामान्य को बताया गया और इनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के महत्व पर जोर दिया गया और गांव वासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इसके साथ ही उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित जल पीने की सलाह दी गई, ताकि पानी से होने वाली



बीमारियों से बचा जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को यह भी बताया गया कि घरों के आसपास पानी न ठहरे और मच्छरों के पनपने के स्थानों को ठीक से साफ रखा जाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा, ग्राम प्रधान, फार्मासिस्ट शिवपूजन, एएनएम शारदा जायसवाल, सीएचओ प्रशांत उपाध्याय, क्षेत्रीय आशा और आशा संगिनी मौजूद थे। सभी ने अपने-अपने विचार साझा किए और गांव वासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में संचारी रोगों के प्रति सजगता उत्पन्न हुई और उन्होंने इनसे बचाव के उपायों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से गांव वासियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और संचारी रोगों से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा मिली।

## शिफा क्लीनिक सीज, चिकित्सक के खिलाफ अभियोग दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर -** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉक्टर रवि नंदन त्रिपाठी, डॉ.अनिल कुमार चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी बलरामपुर और डॉक्टर शोएब, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैडश बुजुर्ग के द्वारा हुसैनाबाद ग्रांट स्थित शिफा क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में कई गंभीर अवैध गतिविधियाँ सामने आई, जिसके चलते क्लीनिक को सीज कर दिया गया और चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। क्लीनिक के निरीक्षण में यह पाया गया कि शिफा क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं था और चिकित्सक ने अपनी वास्तविक चिकित्सा विधा के अनुसार उपचार नहीं किया। चिकित्सक द्वारा एलोपैथिक विधा से ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) और आईपीडी (इन पेशेंट डिपार्टमेंट) का संचालन किया जा रहा था, जो कि नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, क्लीनिक में





मेडिकल स्टोर का लाइसेंस भी नहीं था, जो कि चिकित्सा सेवाओं के संचालन के लिए अनिवार्य होता है।

इस निरीक्षण के बाद संबंधित क्लीनिक/हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही, चिकित्सा प्रैक्टिस के खिलाफ भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 की धारा 15(3) के तहत और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अभियोजन पंजीकृत कराया गया है। यह कार्रवाई चिकित्सा के क्षेत्र में नियमों और कानूनों के उल्लंघन को लेकर की गई है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। बलरामपुर प्रशासन ने इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि चिकित्सा सेवाओं में अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे से किसी भी ऐसे क्लीनिक या अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और जनता की सेहत से खेल रहे हैं। इस कार्रवाई को लेकर नागरिकों ने भी प्रशासन की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# राजपूत सेवा समिति ने सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर किया विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा मेवाड़ के सम्राट राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को राजपूत सेवा समिति के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। समिति के सदस्यों ने सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्य सुबह लगभग 10ः30 बजे पत्रकार भवन पर एकत्र हुए। इसके बाद बैनर और तख्तियां हाथों में लेकर सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन के बयान से न केवल




राणा सांगा बल्कि उनके वंशजों और पूरे हिंदू समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि राणा सांगा जैसे महान योद्धा, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए भीषण युद्ध लड़ा, उनके बारे में की गई टिप्पणी अक्षम्य है। यह बयान न केवल सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि राजपूत समाज और पूरे राष्ट्र का अपमान है। समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से सांसद की संसद सदस्यता रद्द करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल हुए समिति के सदस्य इस अवसर पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रत्नाकर सिंह, डॉ. बी.बी. नवाब, प्रदीप सिंह सफायर, अजीत सिंह, शशि प्रकाश सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, रविंद्र नारायण सिंह, वीआईपी सिंह, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, अमर बहादुर सिंह, डॉ. आलोक सिंह, घनश्याम सिंह, सर्वेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, शरद सिंह सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा, लेकिन कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

## संदिग्ध कारणों से लगी आग घर गृहस्ती का समान जल कर हुआ राख

स्वतंत्र प्रभात

**जरवा बलरामपुर-** थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रनियापुर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें फारूक का पशुशाला,चिन्नी लाल के घर में रखा अनाज, चूल्हा चक्की, पम्प सेट, पॉयजेब, मंगलसूत्र, झाला सहित 7000 हजार रुपए नगदी जल कर राख हो गया। जगन्नाथ का अनाज, चूल्हा चक्की, पम्प सेट, बैलगाड़ी, सिलाई मशीन कपड़ा, पॉयजेब, मंगलसूत्र अन्य जेवरात, एक हीरो होंडा शाइन मोटरसाइकिल जलकर राख हो गया। वही चिंकू के पशु शाला भी अग्नि कांड की भेंट चढ़ गई।अंगदधुज पुत्र सुंदर का झोपड़ी और अनाज जल गया।अग्नि कांड में कुल लाखों की क्षति होने की बात









बताई जा रही है।ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेडियर को सूचना दी।सूचना पाते ही थाना कोतवाली जरवा और फायर ब्रिगेडियर की टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से काफी परिश्रम करने के बाद आग पर काबू पाया गया।हल्का लेखपाल सरिता ने अग्नि से हुई क्षति का आकलन कर उच्च अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है। थाना कोतवाली जरवा के उप निरीक्षक महेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर राहत बचाव कार्य में लग गया था। धीरे-धीरे आग पर काबू पा लिया गया है फायर ब्रिगेडियर की टीम हेड कांस्टेबल छोटेलाल,चालक योगेश कुमार,फायरमैन गौतम कुमार, फूलचंद सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हमारा संविधान, 'हमारा स्वाभिमान 'थीम पर मनाया जाएगा अंबेडकर जयंती उत्सव

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** शासन के निर्देशानुसार भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को इस वर्ष 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान"की टैगलाइन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जनपद में किया जाएगा। विद्यालयों में होंगे विशेष कार्यक्रम इस उत्सव के तहत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्शन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकारों, अनुच्छेद 51 में उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों एवं संविधान संशोधनों की जानकारी देने हेतु विशेष व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन छात्र-छात्राओं को संविधान की महत्ता से अवगत कराने हेतु विद्यालयों में चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। युवा मंगल दल खेल प्रतियोगिता में लेंगे भाग क्षेत्र पंचायत स्तर पर युवा मंगल दलों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सामाजिक एवं



महिला सशक्तिकरण से संबंधित चुनौतियों तथा संविधान में उनके समाधान पर विशेष कार्यक्रम होंगे।

सड़क सुरक्षा और डिजिटल क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों एवं डिजिटल क्राइम से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पूर्व दशम स्तर के विद्यालयों में संविधान संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। संविधान संशोधनों पर होगी चर्चा महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में संविधान के नियमों एवं नवीनतम संशोधनों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विधि विशेषज्ञ एवं विद्वान वक्ता संविधान की व्याख्या करेंगे और विद्यार्थियों को इसकी गहन जानकारी देंगे। इस दो सप्ताह के उत्सव के माध्यम से बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। यह रहा आपका समाचार लेख, जिसे अखबार की भाषा में विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई संशोधन या अतिरिक्त जानकारी जोड़नी हो, तो कृपया बताएं!

## बसंती देवी आईटीआई में टैबलेट का हुआ वितरण, छात्रों के चेहरे खिले

स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज,जौनपुर।** नगर के पक्का पोखरा रेलवे क्रासिंग स्थित बसंती देवी आईटीआई में गुरुवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 63 छात्रों को टैबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश चंद्र तिवारी गुरुजी के द्वारा टैबलेट वितरित किया गया। श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा में तकनीक के महत्व पर विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर मंडल शाहगंज के महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों को आशीर्वाद दिया। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने आज के परिवेश में टैबलेट,मोबाइल आदि के अच्छे व बुरे परिणाम पर चर्चा की।

संस्थान के प्रबंधक डॉ राजकुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के कोषाध्यक्ष और अंत में संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्र ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समस्त आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विवेक तिवारी, दीपक सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास जायसवाल ने किया।

# दस्तक संचारी अभियान के तहत,साफ सफाई की कवायद शुरू

**● - साफ सफाई को लेकर सफाई कर्मी गंभीर, जल्द गांवों में गंदगी के अंबार से मिलेगी छुट्टी**

**बीकेटी।** स्थानीय विकासखंड के गांवों में संक्रामक रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए एक अप्रैल से दस्तक संचारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों 21 मार्च को विकास खंड के सभागार में ग्राम प्रधान, सचिव ,ब्लॉक कर्मी व सफाई कर्मियों की बैठक की गई थी । जिसमें संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांवों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए थे। बताते चले बदलते हुए मौसम व मच्छरों के प्रकोप से इन दिनों संचारी रोग मलेरिया,डेंगू, चिकन गुनिया, फाइलेरिया, इंसेफेलाइटिस , मस्तिष्क ज्वर जैसे तमाम रोगों के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। जिसकी रोक-थाम व लोगों को जागरूक करने के लिए सभी संबंधित की बैठक बुलाई गई थी । बैठक में खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे ने कहा था कि इन दिनों संचारी रोगों का प्रकोप तेजी से



बढ़ रहा है। जिसकी रोकथाम के लिए गांवों की साफ-सफाई का होना अति आवश्यक है। सफाई कर्मी रोस्टर लगाकर गांव-गांव पहुंचें। ग्राम प्रधान, आशा कार्यकत्री व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व ग्रामीणों की बैठक कराई जाए। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ सके और कड़ी मेहनत के साथ गांव में हो रहे जल-जमाव, झाड़ियां, बजबजाती नालियों की साफ सफाई के साथ-साथ गांव में फागिंग की व्यवस्था की जाए। जिससे संचारी रोग पर पूरी तरह से लगाम लग सके। स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने बताया संचारी रोग से बचने व रोकथाम पर जोर देते हुए लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए लोगों को जागरूक करने की सलाह दी जा रही है । सफाई कर्मियों के ब्लॉक अध्यक्ष श्री नाथ ने कहा कि संचारी रोग से लड़ने के लिए जितना भी परिश्रम करना पड़े उसे हर हाल में पूरा करने के लिए हमारे सफाई कर्मी तैयार हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक शुक्ला ने बताया यह अभियान एक अप्रैल से शुरू हो चुका है इसकी शुरुआत कठवारा, हरदौरपुर ,मानपुर लाला, बीबीपुर, अकड़रिया कला , दुघरा सहित अन्य ग्राम पंचायत से हो चुकी है यह अभियान 30 अप्रैल तक निरंतर चलाया जाएगा। इसके साथ ही जहां पर सफाई कर्मी नहीं पहुंच पा रहे हैं वहां पर जेसीबी की मदद से सफाई कराई जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत केशवनगरग्रांट, वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केशवनगरग्रंट में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण गौशाला हेतु पशुओं हेतु दाना भूसा हरा चारा साइलेस इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

पुनीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत केशवनगरग्रंट
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पुष्पराज सिंह
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत केशवनगरग्रंट
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढढुवाकुतबजोत वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढढुवाकुतबजोत में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

पेशकार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ढढुवाकुतबजोत
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

बृजकेश मिश्रा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत ढढुवाकुतबजोत
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिकौरा वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिकौरा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

रियाज अहमद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पिकौरा
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

बृजकेश मिश्रा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत पिकौरा
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुरग्रांट वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दौलतपुरग्रंट में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ अंत्येष्टि स्थल, विकास कार्य अन्नपूर्णा भवन ( राशन दुकान) निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

रमपाली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दौलतपुरग्रंट
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

महेश कुमार सैनी
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत दौलतपुरग्रंट
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत तुर्काडीह वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 03/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुर्काडीह में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

कृष्ण कुंवर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तुर्काडीह
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

पवन कुमार
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत तुर्काडीह
वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत बडहरा वि0 ख0 बभनजोत जिला गोंडा

मैंने रात्रि के समय अपने भाई को फोन किया और मेरा भाई आकर मुझे अपने साथ लिवा कर गया जिसका टिकट मेरे भाई का मेरा मेरे बच्चों का मौजूद है 3 अप्रैल 2025 को चौकी से फोन आया कि तुम्हारे पति मुकदमा लिखाना चाहते हैं कि तुम किसी के साथ भाग गई हो चौकी पुलिस के फोन के द्वारा मैं तत्काल प्रभाव से दिल्ली से अपने भाई के साथ चल पड़ी और आज बृहस्पतिवार के दिन आपके कार्यालय आकर उपस्थित हुई और प्रार्थना पत्र दे रही हूं कि मैं अपने दो बच्चों को लेकर अपने भाई के साथ गई थी किसी के साथ भागी नहीं हूं मेरे देवर, जेठ , ससुर और मेरे पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कृपा करें दिल्ली से जब मैं कौशाम्बी आई तो आने का भी मेरे पास रेलवे टिकट और बस का टिकट मेरे साक्ष्य और गवाह है जो फोटो मेरे साथ वायरल किया गया है यह मैं मेरे बच्चे और मेरे पति और मेरे लगने वाले बुआ के लड़के मनगढ़ गए थे वहां पर मेरे पति ने साथ में फोटो खींचा था वह फोटो मेरे पास मौजूद है जो साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत है जिस युवक के साथ मेरा फोटो वायरल किया गया है वह फोटो मेरे मायके के मेरे बुआ का लगने वाला बुआ का लड़का है यह मुझे ऑपरेशन हुआ था तब मेरा बहुत साथ दिया था और मेरे पति साथ रहते थे कुछ दिन पहले जब मैं और मेरे बच्चे मेरे पति और जिस युवक पर आरोप लगाया गया है वह युवक सब लोग मिलकर मनगढ़ गए थे वहां पर मेरे पति ने स्वयं फोटो खींचा है जिसका साक्ष्य प्रस्तुत है महिला ने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को लिखित तहरीर देते हुए गुहार लगाई है कि मुझे बदनाम करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो।



## कार्यालय ग्राम पंचायत गौनरिया वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौनरिया में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 02:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

हरिशंकर अवस्थी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गौनरिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

प्रिंस मिश्रा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत गौनरिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत बनगाई वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनगाई में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

बाबूराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बनगाई
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

यमुना प्रसाद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत बनगाई
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया कला वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरिया कला में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण अंत्येष्टि स्थल निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 रूरू4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 रूरू7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

निर्मला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवरिया कला
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरिया कला
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पंचुरूखी वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पंचुरूखी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

मयवती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पंचुरूखी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

प्रिंस मिश्रा
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत पंचुरूखी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत छितौनी वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छितौनी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

प्रेम नाथ
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत छितौनी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

यमुना प्रसाद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत छितौनी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनिया वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 — दिनांक 03/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुरैनिया में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 15/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि।

प्रदीप कुमार तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरैनिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

यमुना प्रसाद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत पुरैनिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

# संक्षिप्त ख़बरें

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्श और संदेश मानवता के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे - निसार खान



**हजारीबाग, झारखंड-** सर्वधर्म मानवता मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष निसार खान ने समस्त जिलावासियों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव अंतरराष्ट्रीय रामनवमी का त्योहार शांति, हर्षोल्लास, आपसी एकता तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने कि अपील की है। खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्य, नैतिकता, न्याय और निष्ठा के आदर्श से प्रासंगिक है । प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन सदाचार, त्याग, तपस्या, सहिष्णुता, सद्भावना और शांति पर आधारित रहा है । मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्श और संदेश मानवता के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। आज हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अंगीकार करने की आवश्यकता है।

## 11वीं कृषि गणना 2021-22 के आंकड़ों की समीक्षा, शुद्धता प्रमाण-पत्र पर हुई चर्चा



**सुपौल-**गुरुवार को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी अपर समाहर्ता एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों के साथ 11वीं कृषि गणना 2021-22 (फेज-II& III) के आंकड़ों के फाइनलाइजेशन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विहित प्रपत्र में दर्ज आंकड़ों एवं अंतिम रूप से प्रविष्ट आंकड़ों की शुद्धता का प्रमाण-पत्र पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सुपौल जिले से अपर समाहर्ता श्री राशिद कलीम अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। बैठक में आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि कृषि गणना के निष्कर्ष नीतिगत निर्णयों के लिए प्रभावी साबित हो सकें।

## पाकुड़िया प्रखंड के गांवों में गहराती पेयजल समस्या, नलकूपों की मरम्मत नहीं होने से बढ़ी परेशानी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न गांवों और मुहल्लों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। करोड़ों की राशि खर्च होने के बावजूद जल एवं स्वच्छता विभाग गर्मी के महीनों– मार्च, अप्रैल और मई में पानी की स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही जल स्तर गिरने से नलकूपों से पानी निकलना कम हो गया है। 3 मार्च को गनपूरा पंचायत के डुंगी बरमसिया गांव के घुटू और प्राणिक टोले की महिलाओं ने बताया कि यहां केवल दो नलकूप हैं, लेकिन वे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे लोगों को पुराने कुएं से पानी लाने की मजबूरी है। कई बार उन्हें पड़ोसियों के नलकूपों पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन प्रतिदिन वहां से पानी लेना संभव नहीं होता।

टोले में स्थित पोषाहार केंद्र में भी नलकूप न होने के कारण बच्चों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय के धर्मशाला और चांय टोले में दो जल टंकियां होने के बावजूद पानी की आपूर्ति सही समय पर नहीं होने से लोग दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। धर्मशाला के पास स्थित एक नलकूप पूरी तरह खराब पड़ा है, जिससे पेयजल संकट और बढ़ गया है। महिलाओं ने बताया कि दोपहर में कभी-कभी दक्षिण दिशा के पाइप में पानी आता है, लेकिन यह नियमित नहीं है। उत्तर दिशा में पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन जल टंकी से केवल आठ घरों को ही पानी मिल रहा है, वह भी नाममात्र। 2 अप्रैल को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में कई लोगों ने बीडीओ को इस समस्या से अवगत कराया। हालांकि, पंचायत स्तर पर फंड की कमी के कारण समाधान नहीं निकल सका। बहरहाल, यदि खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, तो लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सकती है।

# संसद के बजट सत्र में दूसरी बार विस्थापितों के हित में बोले सांसद मनीष जायसवाल

**● - विस्थापितों के जमीन का दर, एसेट वेल्यू, पुनर्वास मुआवजा बढ़ाने, कट ऑफ डेट और कोयला ट्रांसपोर्ट मेकेनाइज्ड करने को लेकर उठाया कई सवाल**

**कहा विस्थापितों को मिले उनका पूरा हक, बेरोजगारों के साथ हो न्याय**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने चुनावी दौरे के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विस्थापन, प्रदूषण, रोज़गार सृजन जैसे गंभीर विषय पर जनता से वादा किया था कि यह उनकी प्राथमिकता रहेगी। सांसद मनीष जायसवाल अपने चुनावी वादे को पूर्ण करते दिख रहे हैं। देश के सर्वोच्च सदन संसद के पटल पर सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विस्थापितों के दर्द को जनता की आवाज बनकर पुरजोर तरीके से लगातार बुलंद कर रहे हैं। गुरूवार को संसद के बजट सत्र के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने दूसरी बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत और गंभीर विषय को बड़े ही बेबाकी से उठाया और सरकार का इस दिशा में ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में कहा कि कुछ दिन पहले मैंने अपने क्षेत्र के विस्थापन का विषय रखा था लेकिन महज आधा मिनट का वक्त मिलने के कारण मैं अपनी बात पूर्ण नहीं कर सका और वह अधूरा रह गया। आज पुनः इस गंभीर विषय को रख रहा हूं। हजारीबाग, रामगढ़, चतरा में सीसीएल और एनटीपीसी द्वारा कोयले के खदानों के लिए विस्थापन किया जा रहा है। हजारीबाग जिले के केरेडारी, बड़कागांव, डाडी, चुरचू प्रखंड और रामगढ़ जिले के मांडू एवं रजरप्पा में खदाने संचालित हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि एनटीपीसी की जो कॉल परियोजना संचालित है उसमें यह चार प्रकार से विस्थापितों को लाभ देते हैं। जिसमें रैयत के जमीन का दाम, उनके एसेट का दाम, विस्थापन का लाभ और रोज़गार शामिल है। एनटीपीसी के द्वारा विस्थापितों को हर प्रकार के मुआवजा और लाभ में छला जा रहा हैं। विस्थापितों को जमीन का दाम एनटीपीसी द्वारा फिलवक्त 24 लाख प्रति एकड़ दिया जा रहा है जबकि उक्त जमीन का बाजार वैल्यू इससे बहुत अधिक है ऐसे में विस्थापितों को 24 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपए प्रति एकड़ जमीन का मुआवजा देना चाहिए। एसेट कंपनसेशन में भी जब कंपनी अपने लिए तय करती है तो 2200-2500 रुपए प्रति स्क्वायर फीट तय करती है वहीं जब गरीब विस्थापितों के मकान का कीमत लगती है तो विभेद करती है। पक्के मकान का दर 950 रुपए प्रति स्वायर फीट और कच्चे मकान का दर 650 रुपए प्रति स्वायर फीट निर्धारित है जबकि मेरा मांग है कि पक्के मकान का दर 950 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति स्वायर फीट और



कच्चे मकान का दर 650 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति स्वायर फीट किया जाय। विस्थापन का लाभ देने में भी इन्होंने पेज फंसा दिया और एनटीपीसी की पंकरी-बरवाडीह कोल माइंस जिस दिन 16.05.2016 को शुरू हुआ उसी दिन के आधार पर एक कट ऑफ डेट तय किया गया की इस दिन तक जिन लोगों का आयु 18 वर्ष होगा हम केवल उनको ही विस्थापन का लाभ देंगे। लेकिन जमीन का विस्थापन साल 2025- 26 में किया जा रहा है। एनटीपीसी ने विस्थापितों को साल 2016 से उनके जमीन पर रोक लगा दिया और वहां सेक्शन 4 और 9 लागू हो जाता है जिसके द्वारा उक्त जमीन में ना तो घर बन सकता है और ना ही इसे बेच सकता है। साल 2016 से परती रखकर अब जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से जमीन लिया जा रहा है उसी दिन से कंपनसेशन देना न्यायोचित होगा और कंपनसेशन का कट ऑफ डेट भी बढ़ाया जाना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने रोजगार पर चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि एनटीपीसी अपने कार्य क्षेत्र में टोटल मैकेनाइज कर रही है। कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से खदान से कोयला लाएगी और फिर मशीन के माध्यम से रैंकिंग ऑटोमेटिक तरीके से करेगी। विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के लोग सिर्फ देखने के लिए और धूल गर्दा खाने के लिए हैं। आज के समय यहां से एनटीपीसी 15 मिलियन टन ट्रांसपोर्ट कर रही है। 2025 में 3 मिलियन टन रोड के जरिए ट्रांसपोर्ट करेगी और 2026 में इसे पूर्णतः खत्म करने की योजना है। कोयले के ट्रांसपोर्ट और ट्रैकिंग में टोटल ऑटोमेटिक किए जाने से इस क्षेत्र के लोगों का रोजगार पूर्णता समाप्त हो जाएगा और बड़ी संख्या में गाड़ियां खरीदने वाले और इसपर आश्रित रहने वाले एक बड़ा तबका बेरोजगार हो जाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से कोयला मंत्री से आग्रह किया कि पर्यावरण और स्थानीय लोगों के रोजगार में समन्वय स्थापित कर कार्य करें अन्यथा यहां पेड़ तो बचेगा लेकिन आदमी नहीं बचेंगे। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इस अति गंभीर और ज्वलंत मुद्दे पर सरकार से यथाशीघ्र संज्ञान लेने का आग्रह भी किया। उल्लेखनीय है कि संसद के इसी बजट सत्र के दौरान बीते 13 मार्च 2025 को भी सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विस्थापितों की आवाज को मुखरता से सदन में बुलंद किया था और कहा था कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बरसों से जारी कोयला एवं ऊर्जा परियोजनाओं के कारण हजारों परिवार विस्थापित हो चुके हैं लेकिन आज भी यह परिवार अपने अधिकारों और न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं ।

# कोशी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न





स्वतंत्र प्रभात

**किशनपुर (सुपौल)-** कोशी पब्लिक स्कूल का 23वां वार्षिक उत्सव बुधवार को विद्यालय प्रांगण में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में छात्रों की शानदार प्रस्तुतियों, विद्यालय की उपलब्धियों, छात्रों की कलाकृतियों के प्रदर्शन और मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक वक्तव्यों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व विधायक सह राजद राष्ट्रीय महासचिव यदुवंश कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि पुर्व प्रमुख सूर्य नारायण यादव थे। पुर्व विधायक ने अपने संबोधन में शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया तथा विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में से एक बताया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा कोशी पब्लिक स्कूल ऐप लॉन्च किया गया, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप की सहायता से विद्यार्थी और अभिभावक विद्यालय की गतिविधियों, छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और पाठ्यक्रम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को ऑनलाइन देख सकेंगे। विद्यालय प्रशासन ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल बताया।

छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया। इवेंट मैनेजमेंट डायरेक्टर श्री विक्रांत कुमार, कोरियोग्राफर श्रीमती भारती कटारिया एवं श्री सागर कटारिया के निर्देशन में छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं, स्क्रिप्ट राइटर श्री एस. के. सिंह द्वारा लिखित प्रभावशाली एंकरिंग स्क्रिप्ट ने पूरे कार्यक्रम को रोचक और आकर्षक बना दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नेपाली डांस, राजस्थानी डांस, ओल्ड इज गोल्ड, टॉलीवुड डांस, नौ दुर्गा डांस, और छठ थीम डांस" ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विशेष रूप से ÷मैं कोशी पब्लिक स्कूल हूँ" प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। अभिभावक और छात्र हर्ष और उत्साह से भरे दिखे।इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अकादमिक रेगलिया पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिली।कार्यक्रम का संचालन प्रियंका कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रिया कुमारी, हिमांशु कुमार, प्रिंस देव और भास्कर कुमार ने कुशलता से किया। विभिन्न प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई, जिससे दर्शकों को प्रेरणा मिली।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने अपनी कला और प्रतिभा से इस आयोजन को यादगार बनाया। सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या ने विद्यालय के सफलतम 23 वर्ष के लिए छात्रों, अभिभावकों और क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दी।अंत में, विद्यालय के सचिव रामलखन साह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ÷यह वार्षिक उत्सव न केवल छात्रों के लिए एक स्मरणीय अनुभव बना, बल्कि अभिभावकों और अतिथियों के लिए भी प्रेरणा, ज्ञान और मनोरंजन से भरपूर एक अद्भुत अवसर साबित हुआ।इस आयोजन ने छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर दिया। इसके साथ ही, अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। यह उत्सव विद्यालय की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बना और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ ऐसे आयोजनों की आशा व्यक्त की गई।

# जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश, निर्माण कार्य की प्रगति पर जताया संतोष

स्वतंत्र प्रभात

**सुपौल-** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जिला मुख्यालय अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आवास हेतु निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता राशिद कलीम अंसारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, संवेदक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर भवन, सुपौल परिसर का भी निरीक्षण किया, जहां पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य



किया जा रहा है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर संजीव कुमार हिमांशु, परियोजना निदेशक, बुडको, सुपौल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भतभंगा पहाड़ में आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता बरतने और मनमानी ढंग से चयन करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**ग्रामीणों ने बीडीओ एवं डीसी को जांच कर उचित करवाई करते हुए सेविका चयन रद्द कर फिरसे चयन करने की मांग की**

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड के भतभंगा पहाड़ आंगनबाड़ी केंद्र 523 में सेविका सलोमी मालतो पति स्वर्गीय सोहन मालतो भतभंगा पहाड़ से सेवानिवृत होने से आंगनबाड़ी केंद्र सेविका पद रिक्त होने के कारण नए सेविका चयन के लिए 24/3/25 को ग्रामसभा कर चयनित करने समय निर्धारित किया गया लेकिन सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर द्वारा ग्रामीणों को रजिस्टर में सिग्नेचर एवं टिप का निशान हस्ताक्षर कर लिया गया बिना तथ्य एवं बिना ग्रामसभा किए हैं खुद नाम पढ़कर सुना दिया और संयोजित रुप से चयन किया जो कि ग्रामीणों असंतुष्ट दिखे सेविका पद के लिए चार महिलाओं ने दावा पेश किया सलोमी मालतो,फुलमनी मालतो, पिंकी मालतो, रोशनी मालतो, इनचारों का दावा आवेदन को दरकिनार करते हुए रोजलिन मालतो को संयोजित प्रायोजित तरीके से चयन किया गया जो कि गलत है ग्रामीणों ने इस सेविका चयनित को अवैध ठहराते हुए आक्रोशित दिखे वही ग्रामीणों ने बताया कि ये सरासर गलत है रोजनिल मालतो का शादी अन्य पंचायत में हुआ था और उनके बाल बच्चे भी हैं लेकिन आंगनबाड़ी सेविका चयन में उनके पति का जिक्र भी नहीं किया गया है ग्रामीणों का आरोप है कि इस गांव की बेटी थी लेकिन इस गांव की बहु नहीं है नियम के अनुसार चयन नहीं किया गया ग्रामीणों ने बीडीओ एवं जिला के उपयुक्त महोदय को से इस मामले पर जांच करते हुए सेविका चयन को रद्द करते हुए सेविका चयन फिर से अच्छी तरह से ग्रामसभा कर चयनित करने की मांग की और जो भी दोषी हैं उनपर उचित करवाई किए जाने की मांग की मौके पर बबलू मालतो, जाबरा पहाड़िया, सामा पहाड़िया सहित अन्य मौजूद रहे।

# बासंतिक नवरात्र की पावन बेला में भक्तों ने श्रद्धा भाव से की माता कात्यायनी की आराधना

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** चैत्र शुक्ल पक्ष की पावन बेला में मां दुर्गा के छठे मंगलमयी स्वरूप, माता कात्यायनी की उपासना श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्ति-भाव से की। भक्तों ने माता से रोग-शोक से रक्षा कर सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि आदि माता जगदम्बा ने विश्व की सृष्टि की और भक्तों के कल्याण हेतु सदैव उनकी रक्षा की। वहीं, समय आने पर उन्होंने अपने रौद्र रूप में दुष्टों का संहार भी किया। बासंतिक




नवरात्र के अवसर पर प्रखंड के राधानगर, बनो ग्राम, श्रीधरपाड़ा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया।

2 अप्रैल को भक्तों ने माता कुष्मांडा और स्कंदमाता की विधिवत पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कात्यायन ऋषि के अप्रतिम तेज से उत्पन्न होने के कारण देवी कात्यायनी इस नाम से प्रसिद्ध हुई। नवरात्र को लेकर पाकुड़िया प्रखंड में श्रद्धालुओं में हर्षोल्लास का वातावरण है। भक्ति-भाव से ओतप्रोत भक्तजन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं और मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए विशेष पूजन-अर्चना कर रहे हैं।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**● - विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने लगाई एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी**

**प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक कौशल निखारने का है बेहतर मंच - डॉ मुनीष गोविंद**




स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग की ओर से गुरुवार को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान विभाग के गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी प्रतिभा व नवीनतम वैज्ञानिक अवधारणाओं का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद व प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रस्तुत मॉडलों और शोध परियोजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों के लिए अपने वैज्ञानिक कौशल को निखारने का एक बेहतर मंच है। उन्होंने कहा कि दरअसल विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य महज़ वैज्ञानिक आविष्कारों और प्रयोगों का प्रदर्शन मात्र नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के भीतर जिज्ञासा और तर्कशीलता को प्रोत्साहित भी करना है। वहीं प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार अत्यंत आवश्यक हैं और इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। प्रदर्शनी में कुल 100 से अधिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पर्यावरण, जैव प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, गणित आधारित शोध, जल संरक्षण प्रणाली, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विषय प्रमुख रहे। छात्रों ने इन मॉडलों के कार्य करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया, जिससे आगंतुकों और रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को तकनीकों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में टॉप पांच विद्यार्थियों, गणित में सार्थक कुमार, जुलॉजी में ज्योति कुमारी, रसायन विज्ञान में पलक शर्मा, बॉटनी में मेघा रानी व भौतिक विज्ञान में रूपवन्त कुमार को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाने के साथ साथ उत्साहवर्धन के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रध्यापिकाओं, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदर्शनी की संयोजिका सबिता कुमारी, एडमिस्ट्रेशन एआर अमित कुमार के साथ साथ सहायक प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं में डॉ नितीश कुमार, डॉ सोमेन चंद्रा, नेहा सिन्हा, सृष्टि सिन्हा, मानसी प्रधान, विशाखा बाला, बब्लू चौधरी, रौशन कुमार, मुकेश कुमार साव, राहुल राजवार, मुन्ना कुमार, कैलाश प्रसाद सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# विद्यालय में शिक्षकों की लापरवाही, पूर्व प्रमुख ने की कार्रवाई की मांग




स्वतंत्र प्रभात

**किशनपुर (सुपौल)-** पुर्व प्रमुख सूर्यनारायण प्रसाद ने गुरुवार को प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालय सहित कोशी तटबंध के अंदर अन्य जगहो का दौरा किया। इस दौरान उन्होने तटबंध के अंदर स्थित मध्य विद्यालय बुढियाडीह मे जैसे ही पहुंचा तो देखा कि विद्यालय मे पदस्थापित कुल चार शिक्षको मे सिर्फ एक शिक्षक शैलेंद्र यादव के साथ साथ कुल नामांकित 55 छात्रो मे सिर्फ 35 बच्चे विद्यालय मे खेल रहा था। इस दौरान पुर्व प्रमुख ने बताया कि इस विद्यालय का स्थानीय ग्रामीण के द्वारा बार - बार शिकायत आ रहा था कि विद्यालय मे शिक्षक नही आते है। जिसको लेकर आज जब आए तो विद्यालय मे एक शिक्षक के अलावे 35 बच्चे ही मौजूद था। विद्यालय मे मौजूद शिक्षक से उपस्थिति रजिस्टर के बारे मे पुछे तो बताया गया कि विद्यालय प्रधान अर्जुन झा अपने घर रजिस्टर रखकर उपस्थिति बनाते है। उन्होने कहा कि ग्रामीण बार-बार इसका करते रहता है। लेकिन इस बात का कोई फर्क विद्यालय के शिक्षक पर नही पडता है। ऐसे हम जिला प्रशासन से मांग करते है कि संबंधित के उपर उपर अविलंब कार्रवाई करे एवं विद्यालय को सुचारू रूप से चलाए इस अवसर पर रमेश कुमार यादव, राम यादव, परमेश्वरी यादव, पप्पू कुमार, कुशो यादव, लखन यादव, रंजीत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखण्ड में स्वयं सहायता समूहों को 2019 दिसंबर से अब तक कुल 13,659 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज की सहायता

## 2.67 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

**● - 2019 दिसम्बर से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने**

स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा समूह के क्रेडिट लिंकेज कार्य को गति दी गई है। अब तक 2.91 लाख समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें वर्ष 2019 से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने है एवं क्रेडिट लिंकेज में 14,204 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जो वर्ष 2019 दिसंबर से पूर्व 545.30 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को गति देने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज सुनिश्चित कराने की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक हो रही है। इसके तहत एसएचजी सदस्यों को सरल शर्तों पर ऋण सुविधाएं प्रदान की गई, और उनकी आजीविका गतिविधियों को मजबूती मिली। बोकारो की प्रेमलता देवी जीवन ज्योति आजीविका सखी मंडल से जुड़कर आज अपने परिवार का भविष्य संवार रही है। पति के असमय मृत्यु से प्रेमलता पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा था। पति के जाने के दुःख के साथ ही परिवार और बच्चो की जिम्मेदारी भी उनपर आ गयी। ऐसे मुश्किल समय में समूह का साथ मिला। प्रेमलता ने पचास हज़ार रूपए क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) के तहत ऋण लेकर सिलाई मशीन खरीद सिलाई का कार्य शुरू किया। मेहनत और अच्छे काम से प्रेमलता की आमदनी बढ़ने लगी और उन्होंने पुराने ऋण चुकाने के बाद सिलाई केंद्र खोलने के लिए ग्राम संगठन से तीस हज़ार रूपए ऋण लिया



और काम को आगे बढाया । प्रेमलता कहती है, परिवार के भरण पोषण के बारे में सोचकर काफी चिंतित रहती थी ,लेकिन समूह की महिलाओं के हौंसले से मुझे हिम्मत मिली और आज सिलाई कार्य से प्रति माह करीब दस हज़ार आमदनी कर परिवार चला रही हूँ। नाला प्रखंड की किरण झा राधा कृष्ण आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई है उन्होंने समूह के जरिए पहले आरसेटी से आचार, पापड़ बनाने का प्रशिक्षण लिया और कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50,000 रु ऋण से व्यवसाय शुरू किया। आज, वह सालाना 1.2 लाख रु कमाती हैं और अन्य महिलाओं को भी जोड़ चुकी हैं। डीडीयूजीकेवाई से बेटे की ट्रेनिंग के बाद उसकी आय 3.6 लाख रु सालाना है। उनका परिवार अब खुशहाल है। ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 32 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। राज्य में बैंकिग कॉरस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 85,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

# भूकंप- ऐसी आपदा जिसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती

जापान के क्यूशू द्वीप पर फिर आया भूकंप। अभी तक जान माल की हानि की कोई खबर नहीं। म्यांमार में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 3000 के पार। थाईलैंड में भी आए भूकंप के झटके। ये वे समाचार हैं जो पिछले कुछ दिनों से सुर्खियां बने हुए हैं। यह एक कटु सत्य है कि भूकंप जैसी आपदा का अभी तक कोई तोड़ नहीं निकाला जा सका। भूकंप एक ऐसी प्राकृतिक आपदा है जो मानव सभ्यता के लिए हमेशा से एक रहस्य और चुनौती बनी हुई है। जब भी प्राकृतिक आपदाओं की बात आती है, तो बाढ़, तूफान, या ज्वालामुखी विस्फोट जैसी घटनाओं की तुलना में भूकंप का नाम सबसे अनिश्चित और विनाशकारी रूप में सामने आता है। इसका कारण यह है कि विज्ञान और तकनीक के इस युग में भी हम भूकंप की सटीक भविष्यवाणी करने में असमर्थ हैं। यद्यपि वैज्ञानिकों ने उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफलता प्राप्त की है जहां भूकंप का खतरा अधिक होता है और जहां भविष्य में भी इसकी संभावना बनी रहती है, फिर भी यह अनिश्चितता मानव जीवन और संपत्ति के लिए एक गंभीर खतरा बनी हुई है।

भूकंप पृथ्वी की सतह पर होने वाली वह हलचल है जो इसके भीतरी भाग में संचित ऊर्जा के अचानक मुक्त होने के कारण उत्पन्न होती है। यह ऊर्जा पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों के आपसी टकराव, खिसकने, या दबाव के कारण पैदा होती है। पृथ्वी की ऊपरी परत, जिसे भूपर्पटी (क्रस्ट) कहते हैं, कई विशाल प्लेटों में विभाजित है। ये प्लेटें पृथ्वी के अंदर मौजूद मैग्मा(लावा) पर तैरती रहती हैं और निरंतर गति में रहती हैं। जब ये प्लेटें एक-दूसरे के खिलाफ रगड़ खाती हैं, दबाव बनता है, और यह दबाव जब असहनीय हो जाता है, तो यह ऊर्जा भूकंपीय तरंगों के रूप में बाहर निकलती है। यही तरंगें भूकंप का कारण बनती हैं। भूकंप की तीव्रता को रिक्टर स्केल या मरकेली स्केल जैसे पैमानों से मापा जाता है। रिक्टर स्केल भूकंप की ऊर्जा को मापती है, जबकि मरकेली स्केल इसके प्रभाव को। उदाहरण के लिए, 2.0 से कम तीव्रता का भूकंप आमतौर पर महसूस नहीं होता, लेकिन 7.0 से अधिक तीव्रता का भूकंप व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

हालांकि भूकंप की सटीक भविष्यवाणी संभव नहीं है, लेकिन वैज्ञानिकों ने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां भूकंप की संभावना अधिक होती है। ये क्षेत्र मुख्य रूप से टेक्टोनिक प्लेटों की सीमाओं के पास स्थित होते हैं। उदाहरण के लिए, "रिंग ऑफ फायर" प्रशांत महासागर के आसपास का एक ऐसा क्षेत्र है जहां विश्व के लगभग 80% भूकंप आते हैं। जापान, इंडोनेशिया, चिली, और पश्चिमी अमेरिका जैसे क्षेत्र इस रिंग का हिस्सा हैं। भारत में हिमालय क्षेत्र, कच्छ, और पूर्वोत्तर राज्य भूकंप के लिए संवेदनशील माने जाते हैं, क्योंकि यहाँ इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच टकराव होता है। इन क्षेत्रों की पहचान भूकंपीय इतिहास, भूगर्भीय संरचना, और प्लेट गति के अध्ययन के आधार पर की जाती है। फिर भी, यह अनुमान केवल संभावना को दर्शाता है, न कि निश्चित समय या तारीख को।

भूकंप के प्रभाव इसकी तीव्रता, गहराई, और प्रभावित क्षेत्र की जनसंख्या के घनत्व पर निर्भर करते हैं। एक शक्तिशाली भूकंप इमारतों को ढहा सकता है, सड़कों को तोड़ सकता है, और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर सकता है। इसके अलावा, भूकंप के बाद आने वाली सुनामी, भूस्खलन, और आग जैसी द्वितीयक आपदाएं स्थिति को और भयावह बना देती हैं। उदाहरण के लिए, 2004 में हिंद महासागर में आए भूकंप और उसके बाद की सुनामी ने लाखों लोगों की जान ले ली थी। इसी तरह, 2011 में जापान में आए भूकंप ने न केवल भारी तबाही मचाई, बल्कि फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में दुर्घटना का कारण भी बना। भारत में 2001 का कच्छ के भुज में आया भूकंप एक ऐसा उदाहरण है जिसने हजारों लोगों की जान ली और पूरे क्षेत्र को तबाह कर दिया।



मानव जीवन के अलावा, भूकंप का आर्थिक प्रभाव भी गहरा होता है। पुनर्निर्माण, राहत कार्य, और प्रभावित लोगों के पुनर्वास में अरबों रुपये खर्च होते हैं। विकासशील देशों में यह बोझ और भी भारी हो जाता है, जहां संसाधन पहले से ही सीमित होते हैं। भूकंप की भविष्यवाणी की असंभवता का कारण पृथ्वी के भीतरी भाग की जटिलता और उस तक सीमित पहुंच है। वैज्ञानिक भूकंपीय तरंगों, प्लेट गति, और भूगर्भीय तनाव का अध्ययन करते हैं, लेकिन ये संकेत इतने सूक्ष्म और अनियमित होते हैं कि इनके आधार पर सटीक समय और स्थान का अनुमान लगाना असंभव हो जाता है। कुछ जानवरों, जैसे कुत्ते और पक्षी, के व्यवहार में परिवर्तन को भूकंप से जोड़ा गया है, लेकिन यह भी कोई विश्वसनीय तरीका नहीं है और आज मनुष्य मनुष्य के व्यवहार का अध्ययन करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया तो पशुओं के व्यवहार का अध्ययन इतना सरल कैसे हो सकता है? वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग भूकंपीय डेटा के विश्लेषण के लिए किया जा रहा है। ये तकनीकें पैटर्न की पहचान कर सकती हैं, लेकिन अभी तक ये केवल जोखिम वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने तक सीमित हैं, न कि सटीक भविष्यवाणी करने में।

भूकंप की भविष्यवाणी न कर पाने की स्थिति में सबसे प्रभावी रणनीति है तैयारी और बचाव। भूकंप प्रतिरोधी भवनों का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है। जापान जैसे देशों ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, जहां ऊंचे ऊंचे भवन लचीले ढांचे और उन्नत तकनीक के साथ बनाए जाते हैं ताकि वे भूकंपीय झटकों को सह सकें।

सार्वजनिक जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। लोगों को यह सिखाया जाना चाहिए कि भूकंप के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए—जैसे कि मेज के नीचे छिपना, खुली जगह में जाना, और लिफ्ट का उपयोग न करना। स्कूलों और कार्यालयों में नियमित भूकंप अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किए जाने चाहिए। सरकारों को भी आपदा प्रबंधन के लिए मजबूत नीतियां बनानी चाहिए। राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाएं, और बचाव दल पहले से तैयार रखे जाने चाहिए ताकि आपदा के बाद तुरंत कार्रवाई की जा सके। भूकंप न केवल एक प्राकृतिक आपदा है, बल्कि यह मानव सभ्यता के लिए एक सबक भी है। यह हमें प्रकृति की शक्ति और हमारी सीमाओं की याद दिलाता है। जैसे-जैसे हमारी तकनीक और समझ बढ़ती है, हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम भूकंप के प्रभाव को कम करने में और सक्षम होंगे। लेकिन तब तक, हमें इसके साथ जीना सीखना होगा—सावधानी, तैयारी, और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ। भूकंप एक ऐसी आपदा है जो अपनी अनिश्चितता के कारण भयावह बनी हुई है। फिर भी, विज्ञान और समाज के संयुक्त प्रयासों से हम इसके प्रभाव को कम कर सकते हैं।

**बलदेव राज भारतीय**

# संपादकीय

## शिक्षा का संकट- नींव को बचाने की जंग

जब शिक्षक गायब, तो ज्ञान का दीपक कौन जलाएगा?




कल्पना करें—एक बच्चा सुबह-सुबह स्कूल की ओर चल पड़ता है, कंधे पर बस्ता, मन में सपने और आँखों में चमक। लेकिन स्कूल पहुँचते ही उसका दिल टूट जाता है—दरवाजे पर ताला, शिक्षक गायब, और चारों ओर सन्नाटा। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के उमरिया जिले की हकीकत है, जो हाल ही में कलेक्टर के औचक निरीक्षण में सामने आई। शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है, लेकिन जब यह रीढ़ लापरवाही की मार से कमजोर पड़ने लगे, तो क्या हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें? उमरिया की यह घटना सिर्फ एक जिले का दर्द नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के लिए एक जोरदार चेतावनी है। जब उमरिया के कलेक्टर ने सरकारी स्कूलों का औचक दौरा किया, तो जो देखा, वह दिल दहला देने वाला था। कहीं शिक्षक बिना बताए गायब थे, तो कहीं स्कूलों के दरवाजे बच्चों के लिए बंद मिले। यह सिर्फ ड्यूटी से चूक नहीं, बल्कि उन मासूम सपनों के साथ विश्वासघात था, जो हर बच्चा स्कूल लेकर आता है। कलेक्टर ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया—दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया और 29 की वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई। यह सख्ती जरूरी थी, लेकिन क्या यह समस्या सिर्फ उमरिया की है? मध्यप्रदेश के हर कोने में अगर झाँकें, तो यह लापरवाही एक गहरे संकट की ओर इशारा करती है।

मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों को चमकाने के लिए सरकार ने ढेरों योजनाएँ शुरू कीं—नई इमारतें, मुफ्त किताबें, मिड-डे मील। लेकिन जब जमीनी हकीकत सामने आती है, तो सारा ढाँचा खोखला नजर आता है। शिक्षक समय पर नहीं आते, स्कूल प्रबंधन सोया रहता है, और शिक्षा विभाग की निगरानी बस कागजों तक सीमित है। प्रवेश उत्सव जैसे आयोजन, जो बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए होते हैं, महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। नतीजा सामने है—बच्चों की उपस्थिति गिर रही है, ड्रॉपआउट की दर बढ़ रही है, और शिक्षा की गुणवत्ता धूल चाट रही है। योजनाएँ तो हैं, पर जब तक शिक्षकों और प्रशासन की जवाबदेही तय नहीं होगी, ये सब बेकार हैं। एक पल को रुकें और सोचें—वह बच्चा जो स्कूल के लिए मीलों पैदल चलता है, धूप-धूल में अपने सपनों को सींचता है, उसे क्या मिलता है? एक खाली कक्षा, एक अनुपस्थित शिक्षक और टूटती उम्मीदें। मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों पर ज्यादातर गरीब परिवारों के बच्चे निर्भर हैं। उनके लिए स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि जिंदगी बदलने का एकमात्र रास्ता है। लेकिन जब शिक्षक ही अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ लें, तो ये बच्चे कहाँ जाएँ? यह सिर्फ शिक्षा का संकट नहीं, बल्कि लाखों मासूमों के भविष्य पर लगा ग्रहण है। हर गायब शिक्षक के साथ एक बच्चे का सपना मरता है—क्या हम इसे यूँ ही देखते रहेंगे?

अगर मध्यप्रदेश की शिक्षा को बचाना है, तो अब नरमी नहीं, सख्ती चाहिए। उमरिया में हुई कार्रवाई इसकी मिसाल है—जब कड़ा कदम उठाया गया, तो संदेश साफ गया कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। लेकिन यह काफी नहीं है। हर जिले में नियमित औचक निरीक्षण होने चाहिए। डिजिटल मॉनिटरिंग जैसे बायोमेट्रिक सिस्टम से शिक्षकों की उपस्थिति पर नजर रखी जा सकती है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाएँ—साफ पानी, शौचालय, बिजली—को अनिवार्य करना होगा। साथ ही, शिक्षकों को न सिर्फ सजा, बल्कि बेहतर प्रशिक्षण और प्रोत्साहन भी देना होगा, ताकि वे ड्यूटी को बोझ नहीं, बल्कि जुनून समझें। यह सिर्फ नियम लागू करने की बात नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देने का वादा है। उमरिया की यह कार्रवाई एक चिंगारी है, जो पूरे प्रदेश में बदलाव की आग जला सकती है। अगर हर जिले में ऐसी सख्ती और पारदर्शिता आए, तो सरकारी स्कूल फिर से ज्ञान के मंदिर बन सकते हैं। यह सिर्फ प्रशासन का काम नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा स्कूल से खाली हाथ न लौटे। उमरिया ने एक मॉडल पेश किया है—अब इसे पूरे मध्यप्रदेश में लागू करने का वक्त है। जब हर स्कूल में शिक्षक मौजूद हों, हर कक्षा में ज्ञान की रोशनी हो, तभी हम कह सकेंगे कि हमने अपनी नींव बचा ली।

शिक्षा महज किताबों के पन्ने पलटना नहीं, बल्कि हर बच्चे के मन में छिपे सपनों को पंख देना है—उन सपनों को, जो आसमान छूने की हिम्मत रखते हैं। उमरिया की घटना ने हमें नींद से झटका देकर जगाया है—अब आँखें मूँदे रहने का वक्त नहीं, बल्कि उठ खड़े होने का समय है। सख्त अनुशासन की डोर, निगरानी का मजबूत जाल और बच्चों को दिल से प्राथमिकता देकर उठाया गया हर कदम ही इस डूबते तंत्र को बचा सकता है। आइए, आज एक पक्का इरादा करें—हर बच्चे को वह शिक्षा दें, जो उसका जन्मसिद्ध अधिकार है, जो उसके सपनों को हकीकत में बदल सके। क्योंकि जब शिक्षा का किला अडिग होगा, तभी मध्यप्रदेश का भविष्य सुनहरे सूरज सा दमकेगा। यह एक जुनून भरी पुकार है—शिक्षा को जिंदा रखें, बच्चों के सपनों को उड़ने दें।

**प्रो. आरके जैन**

# पंजाब की अमन शान्ति को किसकी नजर?

पंजाब किसी समय में देश का सबसे अमन शान्ति, खुशहाली वाला राज्य हुआ करता था मगर अब मानो इसे किसी की नजर लग गई हो। पंजाब के लोगों ने कई बार संताप झेला, बावजूद इसके सभी लोग आपसी भाईचारे और प्यार भावना के साथ जीवन बसर करते, एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझा करते मगर इस समय भाई ही भाई का बैरी होता जा रहा है। ज्यादातर युवा वर्ग नशे का आदी हो चुका है जो शायद इस माहौल के लिए सबसे अधिक जिम्मेवार है। नशा ना मिलने की स्थिति में लोग अक्सर चोरी, डकैती, हत्या तक की वारदात को अन्जाम दे देते हैं। दूसरा जिस प्रकार राजनीतिक लोगों ने अपने वोट बैंक की खातिर दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर पंजाब में बसाया जा रहा है इसमें बहुत से लोग आपराधिक प्रवृत्ति के भी रहते हैं जो यहां आकर वारदातों को अन्जाम दे रहे हैं। यहां तक कि गुरु की नगरी अमृतसर जहां शायद ही कभी इस तरह की वारदात होती देखी थी, आज सबसे अधिक क्राईम देखा जा रहा है। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु रोजाना पहुंचते हैं उन्हें भी नहीं बख्शा जाता। अब इसके पीछे कौन सी ताकत काम कर रही है जो शायद पंजाब को प्रफुलित होता नहीं देख पा रही और उनकी पूरी कोशिश रहती है कि कैसे भी करके पंजाब में इस तरह का माहौल पैदा किया जाये। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मानें तो पहले अकालियों और अब भगवंत मान सरकार की नाकामी के चलते पंजाब में कई तरह के माफिया कार्यरत हैं और उन्हें इनके ही कुछ लोगों का समर्थन प्राप्त है। सबसे पहले उन पर काबू पाना होगा और उसके बाद नशे के कारोबार करने वालों पर लगाम कसनी होगी तभी पंजाब का माहौल ठीक किया जा सकता है। पंजाब में हिन्दू-सिख एकता में दरार डालने की भी पुनः कोशिशें की जा रही हैं उसे रोकना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। कहीं ऐसा ना हो कि पंजाब फिर से काले दौर में वापिस लौट जाए। उस दौर में पंजाब को जो नुक्सान हुआ उसकी भरपाई पंजाब आज तक नहीं कर पाया है।

### अकाली दल की भर्ती पर विवाद

बीते 2 दिसम्बर को श्री अकाल तख्त साहिब से पांच जत्थेदारों द्वारा फैसला सुनाते हुए अकाली दल की भर्ती को लेकर भी एक आदेश जारी किया गया था जिसमें भर्ती के लिए 7 सदस्यीय टीम का गठन भी हुआ था मगर बाद में 2 सदस्यों के द्वारा इस्तीफा दिये जाने के बाद केवल 5 सदस्य ही शेष रह गये। जब उन्होंने भर्ती अभियान की शुरुआत की तो सिख समुदाय के लोगों ने पूरी दिलचस्पी के साथ स्वैच्छा से सदस्यता ली है। इसके लिए 6 महीनों का समय रखा गया है जिसके बाद अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। मगर दूसरी ओर श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों को दरकिनार कर बादल परिवार की छत्रछाया में भी भर्ती अभियान चलाया जा रहा है जो शायद पहले की तरह केवल कागजों तक सिमट कर रह जाता है, क्योंकि वह चाहते ही नहीं कि कोई आम सिख अकाली दल का सदस्य बने। अगर ऐसा होता है तो शायद सुखबीर सिंह बादल को प्रधान बनाने की दिशा में बाधा आ सकती है जो वह कभी नहीं चाहते।

भर्ती अभियान से पैदा हुए विवाद से आम सिख काफी आहत दिखाई दे रहा है क्योंकि आए दिन दोनों गुटों के द्वारा एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए अपने भर्ती अभियान को जायज ठहराया जा रहा है। अब तो यह भी नहीं कहा जा सकता कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार इसमें हस्ताक्षेप करें क्योंकि जत्थेदार की पदवी भी इनकी गुटबाजी की भेंट चढ़ चुकी है। बादल समर्थक गुट के द्वारा नए जत्थेदार की ताजपोशी की जा चुकी है मगर दूसरा गुट अभी भी ज्ञानी रघुबीर सिंह को श्री अकाल तख्त साहिब और ज्ञानी हरप्रीत सिंह को तख्त दमदमा साहिब का जत्थेदार मानकर सम्मान देते हैं। सिख बुद्धिजीवी कुलमोहन सिंह का मानना है कि आने वाले दिनों में यह विवाद और गहरा सकता है क्योंकि बादल समर्थक जल्द ही भर्ती कार्य



को पूरा कर सुखबीर सिंह बादल को पुनः प्रधान घोषित कर सकते हैं जिसे दूसरा गुट कभी बदार्शत नहीं करेगा। दल पंथ, निहंग जत्थेबं?दयों, संत समाज का समर्थन भी उस गुट को प्राप्त है और वहीं आम सिख भी चाहता है कि परिवारवाद का खात्मा कर पंथक सोच वाली किसी धार्मिक शख्सीयत को अब आगे आकर अकाली दल की कमान संभालनी चाहिए जिससे अकाली दल की छवि फिर से बेहतर बनाई जा सके।

### सिख पंथ की एकजुटता के लिए विचार

बीते दिनों न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं के साथ मुलाकात कर कई अहम मसलों पर विचार हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा न्यूजीलैंड में खालिस्तानी गतिविधियों पर चिन्ता जताते हुए उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। अब न्यूजीलैंड के पूर्व मंत्री कंवलजीत सिंह बख्शी ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से भेंट की। दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड में सिख मसलों के समाधान, एकजुटता बहाल करने और खालिस्तानी गतिविधियों को कैसे रोका जाए पर विचार हुए। बख्शी कंवलजीत सिंह ने चिन्ता व्यक्त की कि भारत में एक बार फिर से ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है जिसमें सिख ही सिख का बैरी बनता जा रहा है। सिख पंथ में बढ़ते टकराव से आम सिख खासकर युवा वर्ग काफी आहत होता है मगर शायद कुछ ताकतें हैं जो इसे तूल देकर विवाद को और बढ़ाने में कामयाब होती दिख रही हैं। बख्शी कंवलजीत सिंह का समूचा परिवार हमेशा से ही कौम की सेवा करता आ रहा है। उनके पिता बख्शी जगदेव सिंह के समय भी ऐसा माहौल बना हुआ था जिसके बाद उन्होंने एक नारा दिया था ''जे सिख सिख नू ना मारे तो कौम कदे ना हारे'' जिसे दिल्ली की हर दीवार पर लिखा गया था। शायद आज भी आवश्यकता है सिख पंथ की एकजुटता के लिए कोई आगे आए।

अच्छी पहल- डा. गुरमीत सिंह सूरा जो कि भाजपा के कदावर सिख नेता हैं जो मानते हैं कि प्रमात्मा ने अगर उन्हें सर्मथ्य बनाया है तो उन्हें दूसरों की मदद करते रहना चाहिए। इसी के चलते वह हर साल अपने जन्मदिन पर 5 बच्चों की पूरी पढ़ाई की जिम्मेवारी उठाते हैं। इस बार भी उनके द्वारा इसे जारी रखते हुए 5 ऐसे बच्चों का चयन कर उनकी पढ़ाई की जिम्मेवारी उठाई, जिनके माता- पिता बच्चों को बेहतर एजुकेशन दिलाने में असमर्थ थे। डा. गुरमीत सिंह मानते हैं कि ऐसा करके उन्हें खुशी मिलती है। अक्सर देखा जाता है कि लोग धार्मिक स्थलों पर सोना, चांदी, हीरे जवाराहत चढ़ाते हैं, पर शायद उन्हें इस बात की जानकारी नहीं कि भगवान की खुशी इसी में रहती है कि आप जरूरतमंदों के मददगार बनें। सोना-चांदी दान करके आपको कुछ समय की खुशी मिलती हैं मगर आपके द्वारा दिलाई गई एजुकेशन से ना जाने कितने परिवारों के घरों में खुशियां आ सकती हैं।

# जन-गण-मन, अधिनायक जय हे

हमारे राष्ट्रगान की उक्त पंक्तियों को मैं कभी नहीं भूलता, क्योंकि इसमें भारतीय जनतंत्र की, भारतीय गणतंत्र, की और भारतीय मानसिकता की जय के साथ-साथ उस अधिनायक की भी जय बोली गयी है जो अदृश्य है। भारतीय जनतंत्र और गणतंत्र के बीच छिपकर बैठा ये अधिकानायक हमेशा बहुमत के रूप में हमारे सामने प्रकट होता रहता है। इसका चेहरा कभी स्त्री का होता है तो कभी पुरुष का और कभी अर्धनारीश्वर का। अधिनायक की पहचान अक्सर संसद में किसी विधेयक पर मत विभाजन के समय होती है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024 पर मत विभाजन के समय भी ये अधिनायकत्व खुलकर सामने आया है।

वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर मौजूदा सरकार की नजर शुरू से थी लेकिन उसे कोई मौक़ा नहीं मिल रहा था,किन्तु हाल ही में महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली जीत ने बैशाखी सरकार को इतना हौसला दिया कि वो मुसलमानों की टोपी जमकर उछाले। सरकार ने ऐसा किया भी। वक्फ बोर्ड क़ानून में संशोधन कर अपने लिए बोर्ड में घुसपैठ करने की गुंजायश निकाल ही द्यद्ब। पूरा विपक्ष मिलकर भी इसे रोक नहीं पाया। रोक भी नहीं सकता था क्योंकि संख्या बल उसके पास नहीं था। अब ये विधेयक राजयसभा में भी आसानी से पारित होने के बाद क़ानून का रूप ले लेगा। अब विपक्ष इसे न कानून बनने से रोक सकता है और न इस पर अमल करने से।

लोकसभा में इस विवादास्पद विधेयक पर पूरे 12 घंटे बहस चली। मुमकिन है कि आप में से बहुत कुछ ने ये पूरी बहस देखी हो, लेकिन मैंने इसे पूरा देखा, सुना। इसलिए मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि सत्ता के लालच में टीडीपी और जेडीयू जैसे कथित धर्मनिरपेक्ष दलों ने जहां अपना दीन-ईमान बेच दिया वहीं उद्धव ठाकरे की शिव सेना और तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे लोग बिना लाभ-हानि की फ़िक्र किये विधेयक के विरोध में डटे रहे।अब पूरी मोदी सेना विपक्षी सांसदों को काफिर ठहराने पर लगी है। यानी मुसलमानों का समर्थन करना काफिर होना है और विरोध करना सनातनी होना है।

भारत की आजादी के पहले के और बाद के इतिहास में किसी एक बिरादरी के साथ इस तरह के दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा बर्ताव कभी नहीं हुआ। मुगलों के जमाने में तो ऐसे बर्ताव का सवाल ही नहीं उठता लेकिन अंग्रेजों ने भी ये जुर्रत नहीं की जो आज की जा रही है। सरकार की रीती, नीति और कार्यक्रम न जाने क्यों अचानक मुसलमान विरोधी हो गए हैं। सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों के जरिये मुसलमानों को मुसलमान बना देने पर आमादा है। लेकिन ऐसा होगा नहीं। सरकार के मुस्लिम विरोधी रवैये से मुसलमान को अपने शुभचिंतक चुनने में पहले के मुकाबले ज्यादा आसानी होगी।

अभी तक राजनीतिक दलों पर मुसलमानो को तुष्ट करने का आरोप लगता था किन्तु अब मुसलमानों के हाथ में ये मौक़ा आया है की वे अपनी पसंद के राजनीतिक दलों को तुष्ट और पुष्ट करें। मुसलमान किस दल के साथ रहना चाहते हैं ये तय करने वाले हम और आप कोई नहीं हैं किन्तु हम लोकतंत्र में अधिनायक की पहचान में सबकी मदद कर सकते है। मुसलमानों की भी और हिन्दुओं की भी। आज से पचास साल पहले हम और इशाक भाई एक साथ एक क्लास में पढ़ते थे,खाते थे,खेलते थे । हमारी माँ और फ़रीदा बेगम में बहुत फर्क नहीं था। दोनों के आंचल की छांव एक जैसी थी, लेकिन अब सब बदल चुका है। न इशाक हमारे साथ और न फ़रीदा बेगम। सियासत ने सभी को पराया बना दिया है। कोई डर की वजह से पराया हुआ है तो कोई सियासत की वजह से ।

संख्या बल के चलते वक्फ बोर्ड विधेयक राजयसभा में भी आसानी से पारित होगा,इसलिए वहां इस विधेयक पर बहस करने का कोई मतलब नहीं है। बहुमत के बूटों से अक्लियत का कुचला जाना अकलियत के लोगों की नियति बन चुकी है। फिर भी उम्मीद है कि बी भारत में जैसे हिलमिलकर हम सब रहते थे वैसे ही आगे भी रहेंगे। नहीं रहेंगे तो सब बर्बाद हो जायेंगे। हमारा भी वही हाल होगा जो किसी जमाने में महाराणा प्रताप का हुआ,छत्रपति शिवाजी का हुआ। छत्तरसाल का हुआ, लक्ष्मीबाई का हुआ। बंटा हुआ समाज कभी देश की ताकत नहीं हो सकता। बंधी हुई मुट्ठी ही लाख की होती है,खुल गयी तो ये मुट्ठी ख़ाक की हो जाती है। मैं न काफिर हूँ और न मुसलमान ,लेकिन मैं भी उसी तरह सनातनी भारतीय हूँ जिस तरह इस देश के सनातनी मुसलमान हैं। उनका भाग्य बैशाखी लगाकर सरकार चलने वाले तय नहीं कर सकते। किन्तु दुर्भाग्य है कि वे ऐसा कर रहे हैं।

ऐसे मौकों पर मुझे 'मेरे महबूब 'फिल्म का वो गीत अक्सर याद आता है जिसे शकील बदायूनी ने लिखा था। -कोई देखे या न देखे ,अल्ला देख रहा है। 'हमारी सरकार अल्लाह की सरकार नहीं है । वो राममजी की सरकार है इसलिए अल्लाह से डरती नहीं है। उसके लिए ईश्वर, अल्लाह तेरो ही नाम नहीं है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से हमारा कुछ बनना और बिगड़ना नहीं है । जिनका बनना और बिगड़ना है, उन्हें तय करना है कि वे इस मसले पर कैसे अपनी प्रतिक्रिया दें। उनके सामने दोनों विकल्प हैं। वे चाहें तो सरकार के सामने घुटने टेकन और न चाहें तो सरकार को घुटे टेकने पर विवश करें। सरकार को न अदालत रोक सकती है और न अल्ला। सरकार को केवल और केवल वोट रोक सकता है। जो वोट की ताकत नहीं जानते, वे कुछ नहीं जानते।

इस देश में रामजी कि सरकार कभी हिन्दू मंदिरों के न्यासों के घपलों के बारे में कभी गंभीर नहीं हो सकती । कभी ये नहीं कहने वाली कि सौ साल पहले हिन्दू मंदिरों की आय कितनी थी और आज कितनी है । सौ साल पहले हिन्दू मंदिरों कि सम्पत्ति कितनी थी और आज कितनी है? ये सरकार कभी ये देखना और जानना या रोकना पसंद नहीं करेगी कि हिन्दू मंदिरों के ट्रस्टों कि आड़ में देश के राजे-महाराजाओं ने अपनी कितनी सम्पत्ति कराधान से बचा रखी है ? अकेले ग्वालियर में एक ही राज परिवार के 19 ट्रस्ट इसी तरह से करचोरी के धंधे में लगे हैं। हरि अनंत, हरि कथा अनंता ।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उम्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# वार्षिकोत्सव में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भिउरी के बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

● रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोह लिया दर्शकों का मन, प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी ।** गोरखपुर जनपद के - बांसगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिउरी स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंजायमान रहा और बच्चों का उत्साह देखते ही बना।

**मुख्य अतिथियों ने किया समारोह का शुभारंभ**

गुरुवार को आयोजित इस भव्य वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला और विशिष्ट अतिथि अभिमन्यु प्रसाद राम त्रिपाठी (पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह उर्फ बृजेश सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**बच्चों ने प्रस्तुत किए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों ने शानदार नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। अंशिका यादव, विवेक कुमार और कुमारी दिव्या ने "आज ब्रज में होली है", "रसिया है रंग बरसे गुलाल बरसे" और "बोलो राधे-राधे, बोलो श्यामा-श्यामा" जैसे गीतों पर शानदार नृत्य कर समां बांध दिया। इसके अलावा, विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ÷स्कूल चलो अभियान÷ गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षा के महत्व को उजागर किया।

**गर्व का विषय है यह विद्यालय - अभिमन्यु त्रिपाठी**

विशिष्ट अतिथि अभिमन्यु प्रसाद राम त्रिपाठी ने विद्यालय की तारीफ करते हुए कहा, "विश्वास नहीं हो रहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतना शानदार विद्यालय संचालित हो रहा है। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, भिउरी न केवल शिक्षा बल्कि बच्चों की प्रतिभा को भी निखारने में उत्कृष्ट कार्य कर




रहा है। यह समस्त क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है।"

**बच्चों की प्रतिभा को निखार रहा है विद्यालय - विधायक प्रदीप शुक्ला**

मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा, ÷इस विद्यालय के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, वह प्रशंसनीय है। यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकता है।÷

**प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। साथ ही, प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश पांडेय ने भी बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने बच्चों की उपलब्धियों को देखकर अभिभावकों के चेहरे भी गर्व से खिल उठे।

**सैकड़ों आगंतुकों की रही उपस्थिति**

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण केवल मिश्रा, जयप्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद संतोष राम त्रिपाठी, डॉ. मुनौवर अहमद, एडवोकेट अभिनंदन दुबे, डॉ. रूपेश कुमार मिश्र, गंगा शंकर, राजकुमार गुप्ता, नवीन त्रिपाठी, कृष्ण गोपाल मिश्र, विनोद यादव, दिलीप कुमार समेत सैकड़ों अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश पांडेय ने किया और अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनता के साथ धोखा कर रही भाजपा सरकार - स्वामी प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रथ यात्रा गुरुवार को जिले के अंबेडकर पार्क में पहुंची ।इस दौरान अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया । स्वागत के दौरान उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकार को जनता को धोखा देने वाला बताया।

इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह संविधान , सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा के सफल आयोजन के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिलों का भ्रमण कर रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि यह यात्रा भाजपा को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए है , क्योंकि भाजपा सरकार में जनता के साथ धोखा किया जा रहा है । आगे कहा कि प्रदेश में बेरोजगार नौकरी का दंश झेल रहा है । महंगाई चरम पर है। किसानों को उनका समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है । पिछड़ा व अनुसूचित जाति का आरक्षण खत्म किया जा रहा है । गरीबों को उच्च शिक्षा से वंचित किया जा रहा है । अस्पताल में दवा नहीं है , जिससे प्रदेश की जनता परेशान है । सरकार हिन्दू - मुस्लिम , मंदिर - मस्जिद की बात कर रही है । जिस देश में अस्सी करोड़ लोग पांच किलो अनाज पर निर्भर होते जा रहे हो तो आत्म निर्भर होने की बात सरकार करती है। उन्होंने कहा कि संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा के माध्यम से कांशीराम के सामाजिक परिवर्तन को पूरे प्रदेश में ले जाने का काम करेंगे और 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की विदाई करेंगे । इस दौरान सुरेंद्र कुमार मौर्य आदि भारी संख्या में मौजूद रहे।

# दोआबा में आग से सैकड़ों एकड़ फसल जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात

**आग बुझने के बाद पहुंची दमकल**

**रूद्रपुर, देवरिया।** गुरुवार को एकौना थाना क्षेत्र के दोआबा के भेड़ी व नारायणपुर के सरेह में लगी आग ने जमकर तांडव मचाया। जिससे किसानों की सैकड़ो एकड़ फसल जल कर राख हो गयी। लाख चीखने चिल्लाने के बावजूद दमकल की गाड़ी आग बुझाने के बाद ही पहुंची। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोआबा में मनाही के बावजूद भूसा बनाने वाली मशीन चल रही थी। जिसे पुलिस ने पड़कर सीज कर दिया। गाड़ी पकड़े जाने से गुस्साए लोगों ने खेत में आग लगा दिया। जिससे धू-धूकर खड़ी फसल जलने लगी। आग को विकराल करने में तेज पछुआ हवाओं ने भरपूर साथ दिया। आग की सूचना मिलते ही बहोरा जगदीशपुर भेलूर नारायणपुर आदि गांव के किसान दौड़ पड़े। लोगों ने ट्रैक्टर चला कर खेत को जोतना शुरू किया और वहीं कुछ लोगों ने पंपिंग सेट के माध्यम से पानी छिड़कना शुरू किया। ज्यादातर लोगों ने पेड़ की डाल से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया और वे सफल भी हो गए। आग लगने के लगभग 1 घंटे बाद भी रुद्रपुर से महज 10 किलोमीटर दूर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच सकी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने लिया तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 व डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज क्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम को लेकर हेलीपैड, मंच, कार्यक्रम स्थल आदि का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी , कर्मचारियों के व्यवस्थापन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अभियान चलाकर वाहनों की कराई चेकिंग

**देवरिया।** यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और ई-रिक्शा/आटो के दाहिने तरफ लोहे का रॉड लगाने हेतु बताया गया और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 82 वाहनों का एम वी एक्ट में चालान करते हुए वाहन चालकों को जागरुक किया गया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 3 छात्राओं को पुलिस अधीक्षक ने किया पुरस्कृत



**देवरिया।** आयोजित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 75 छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था । समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने SPEL 2.0 के प्रशिक्षण में उत्कृष्ट रिपोर्ट लिखने वाले व सोशल मीडिया पर सर्वश्रेष्ठ पोस्ट करने वाले 3 छात्राओं पंडित दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कॉलेज देवरिया की छात्रा नेहा कुशवाहा,बीआरडी बीडी पीजी कॉलेज बरहज देवरिया की छात्रा आयुषी मद्धेशिया तथा पंडित दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कॉलेज देवरिया की छात्रा संध्या चौहान को पुरस्कृत किया।

## शिवाजी को किया नमन - पवन

**देवरिया।** हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने तहसील गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज महान योद्धा के अपने न्यायप्रिय और प्रगतिशील शासन के लिये विख्यात थे। उन्होंने कहा कि वे भारतीय संस्कृति के वाहक के साथ-साथ साहस और देशभक्ति के जीवंत प्रतिमूति थे। मुकेश राय ने कहा कि उन्होंने स्वराज्य के सपने को हकीकत में बदला था। इस अवसर पर अम्बिकेश पाण्डेय, गौतम सिंह,अरुण मिश्र,विजय कुशवाहा, राजन धर द्विवेदी, डॉ विनोद पाण्डेय, रंजन मणि, रमाशंकर निषाद उपस्थित रहे।

## 25 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सलेमपुर थाने में दर्ज मु0अ0सं0-170/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनयम के तहत वांछित 25 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त ओमप्रकाश यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी सुन्दरचक थाना बनकटा जनपद देवरिया को सलेमपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नदावर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## प्रभारी मंत्री ने गेहूं क्रय केंद्र का किया निरीक्षण दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम पंचायत महादेवा कुर्मी में खाद्य विभाग द्वारा संचालित गेहूँ क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय से पूर्ण करें। इसके साथ ही किसानो से सम्पर्क कर उन्हें क्रय केन्द्रों पर गेहूँ बेचने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही किसानों का समय से भुगतान करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरख नाथ त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मधुबनी -विकास खण्ड - नौगढ़, जनपद -सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मधुबनी विकास खण्ड - नौगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट , बालू , सीमेंट , सरिया , मोरंग , इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है , इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मधुबनी 12.00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 2.00 बजे ग्राम पंचायत मधुबनी कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश्र 5000 ( पाँच हजार ) होगी ।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मधुबनी

के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत मधुबनी से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मधुबनी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट , अत्येष्टि स्थल , पंचायत भवन , बारातघर , इंटरलाकिंग ईट , सीमेंट सीट , टीन शेड आदि ।

**अमजद अली**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत**
**मधुबनी- विकास खण्ड - नौगढ़**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

**प्रशांत त्रिपाठी**
**सचिव ग्राम पंचायत**
**मधुबनी विकास खण्ड- नौगढ़**
**जनपद - सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरवालिया -विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद -सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भरवालिया विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग ईट, हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत भरवालिया 10:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 2:00 बजे ग्राम पंचायत भरवालिया कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश्र 5000 ( पाँच हजार ) होगी ।

**नियम एवं शर्ते-** 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भरवालिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत भरवालिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत भरवालिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट, अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि ।

**देवेंद्र चौधरी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- भरवालिया -**
**विकास खण्ड - बर्डपुर**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

**के शभान यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत भरवालिया-**
**विकास खण्ड- बर्डपुर**
**जनपद - सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली-विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद -सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेंट, सरिया , मोरंग, इंटरलाकिंग ईट, हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली 10:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 3:00 बजे ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश्र 5000 ( पाँच हजार ) होगी ।

**नियम एवं शर्ते-** 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट , अत्येष्टि स्थल , पंचायत भवन , बारातघर , इंटरलाकिंग ईट , सीमेंट सीट , टीन शेड आदि ।

**नीतू पाण्डेय**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- दूल्हा शुमाली-**
**विकास खण्ड - बर्डपुर**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

**केशभान यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली-**
**विकास खण्ड- बर्डपुर**
**जनपद - सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद -सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग ईट, हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 7.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 10:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश्र 5000 ( पाँच हजार ) होगी ।

**नियम एवं शर्ते-** 1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5 के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि ।

**मीना कुमारी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- बर्डपुर नंबर 5**
**विकास खण्ड- बर्डपुर , जनपद**
**सिद्धार्थनगर**

**मोहम्मद अजहरुद्दीन**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 5**
**विकास खण्ड- बर्डपुर, जनपद**
**सिद्धार्थनगर**

# संक्षिप्त ख़बरें

## शहडोल संभाग के अंतर्गत हवाई सुविधा के प्रस्ताव पर शासन विभाग द्वारा कि किसी प्रकार की कोई का कार्यवाही आज तक नहीं हो पाई।



कांग्रेस के नेता लवकेश गर्ग लवकेश गर्ग ने बताया की लालपुर एयरपोर्ट का उन्नयन प्रस्ताव शहडोल जिला मुख्यालय से लगा हुआ लालपुर हवाई अड्डा है लेकिन जिला प्रशासन और विमानन विभाग द्वारा लालपुर हवाई पट्टी का उन्नयन प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं हुई इसलिए आज इसलिए शहडोल जिला का व्यापार एवं मेडिकल सुविधा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है शहडोल जिले के आसपास जबकि शहडोल जिले के आसपास 6 से बड़े ज्यादा उद्योग है इसमें रिलायंस प्रोजेक्ट पेपर मिल सच्चाई बिरसिंहपुर पाली जेनरेटिंग कंपनी थर्मल पावर माइंस एसेंशियल जैतहरी निजी पावर हाउस बांधवगढ़ टाइगर कंजर्वेशन भी शामिल है 16 अगस्त 2021 जिला प्रशासन ने विभाग भोपाल को 62 करोड़ 73 लख रुपए से लालपुर हवाई पट्टी भेजा था उन्नयन का प्रस्ताव भेजा था इस प्रस्ताव में अभी तक कोई विचार नहीं किया गया कांग्रेस नेता लवकेश गर्ग ने संभाग के आठ विधायक मंत्री प्रभारी मंत्री हर महीने की मीटिंग करने जिला कलेक्ट्रेट आते हैं तब भी आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई संभाग के नागरिक केंद्र सरकार से मांग की है शहडोल आदिवासी बहुल जिला है एयरपोर्ट बन जाने से विकास की नई गति एवं रोजगार मिलेगा इसके पहले भी समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन जिला प्रशासन को अगस्त कर चुके हैं लेकिन अभी भी कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

## निलंबित डीपीआरओ को हाईकोर्ट से मिली जमानत

### मथुरा में तैनाती के दौरान रिश्वत लेते पकडा गया था

**मथुरा।** करीब एक महीने के बाद निलंबित डीपीआरओ को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। उन्हें गुरूवार को हाईकोर्ट से जमानत मिली। चार फरवरी को मथुरा से उन्हें रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज हो जाने के बाद किरण चौधरी ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई, गुरूवार को उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। उनके साथ सेवानिवृत चालक बिजेन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद दोनों को भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में पेश किया गया था। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। इसके बाद किरण चौधरी की ओर से भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। और अब उन्होंने जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी लगाई। आज सुनवाई के बाद निलंबित डीपीआरओ किरन चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।

## शहर की सड़कों के गड्ढे भरने में लगा नगर निगम

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा नगर निगम मथुरा-वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत गड्ढा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहर की टूटी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर निगम ने वृहद स्तर पर पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है। मथुरा जोन के अंतर्गत जन्मभूमि के आसपास क्षेत्र, जनरल गंज , सदर क्षेत्र में पैच वर्क का कार्य चल रहा है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में शहर की समस्त सड़कें जो कि निगम की है , जिन स्थानों पर पैच वर्क की आवश्यकता है । उन पर बारी बारी से पैच वर्क का कार्य कराया जाएगा। गड्ढा मुक्त अभियान अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर के सभी क्षेत्रों में सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जा सके।

## गोवर्धन चौराहे से गैंगस्टर योगेश गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने गैंगस्टर अभियोग के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 379, 411 आईपीसी व 136 विद्युत अधिनियम के तहत थाना मगोर्रा पर वर्ष 2022 में एक अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसके बाद वर्ष 2025 में थाना मगोर्रा पर अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी। तभी से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस को गैंगस्टर के अभियोग में वांछित की तलाश थी। थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त योगी उर्फ योगेश पुत्र करन सिंह निवासी भीमसेन कॉलोनी दयानन्द गली थाना सदर बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा को गुरुवार को थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत गोवर्धन चौराहा से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि गैंग लीडर शैलू उर्फ शैलेन्द्र का एक सक्रिय गिरोह है, अभियुक्त योगी उर्फ योगेश गिरोह का एक सक्रिय सदस्य है। इस गिरोह के द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए जा रही सरकारी लाइन से बिजली के तार चोरी किये जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# PM मोदी भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध को प्रगाढ़ करते, स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा, टूरिज्म में सहयोग पर बल

**● - भारत की एक्ट ईस्ट' पॉलिसी और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारियां का रूप देने का निर्णय लिया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच रणनीतिक वार्ता स्थापित करने पर भी चर्चा की। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए हमने थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट किया।**



**स्वतंत्र प्रभात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा का हमारे गर्मजोशी स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। 28 मार्च को आए भूकंप में हुए जनहानि के लिए मैं भारत के लोगों की तरफ से गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं और घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूं कि मेरी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वीं शताब्दी रामायण म्यूरल पेंटिंग पर आधारित एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया है। पीएम शिनावात्रा ने अभी मुझे तिपिटक की भेंट की है।

भारत की एक्ट ईस्ट' पॉलिसी और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारियां का रूप देने का निर्णय लिया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच रणनीतिक वार्ता स्थापित करने पर भी चर्चा की। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए हमने थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट किया। हमने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया है। आपसी व्यापार, निवेश और व्यवसायों के बीच आदान प्रदान बढ़ाने पर हमने बात की। स्व्स्थ्य, हैंडलूम और हस्तशिल्प में भी सहयोग के लिए समझौते किए गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आसियान एकता और आसियान केन्द्रीयता का पूर्ण समर्थन करता है। इंडो-पैसिफिक में, फ्री, ओपन, नियम-आधारित व्यवस्था का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं।

# सफदरजंग अस्पताल और सुशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने विश्व ऑटिज्म दिवस पर ऑटिज्म जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर, सफदरजंग अस्पताल के भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग ने सुशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (ऐस्ड) से पीड़ित व्यक्तियों की समझ, स्वीकृति और समावेश को बढ़ावा देने के लिए ऑटिज्म जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, देखभाल करने वालों, छात्रों और ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया सफदरजंग अस्पताल से शुरू हुई यह पदयात्रा अस्पताल परिसर के प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए आगे बढ़ी, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शीघ्र निदान, उपचार और सामुदायिक सहायता के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया गया। प्रतिभागियों ने समावेश, सुलभता और समाज में न्यूरोडायवर्सिटी के बारे में अधिक जागरूकता की आवश्यकता की वकालत करने वाले संदेशों वाली तख्तियां ले रखी थीं इस अवसर पर बोलते हुए, सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने न्यूरोडाइवर्जेंट व्यक्तियों का समर्थन करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷ऑटिज्म कोई विकलांगता नहीं है; यह एक अलग क्षमता है। अग्रणी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक के रूप में, हम जागरूकता फैलाने, प्रारंभिक हस्तक्षेप प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को वह देखभाल मिले जिसके वे हकदार हैं।" समावेशिता को बढ़ावा देने में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, वीएमएमसी की प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना ने कहा, "मेडिकल छात्रों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के साथ बातचीत करने और उनका समर्थन करने के लिए ज्ञान और संवेदनशीलता से लैस होना चाहिए। सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं।" सफदरजंग अस्पताल के पीएमआर के विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ. अजय गुप्ता ने बहु-विषयक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "ऑटिज्म के लिए चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहायता प्रणालियों को शामिल करते हुए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। निरंतर जागरूकता और नीति वकालत के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ



ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति फल-फूल सकें और एक संतुष्ट जीवन जी सकें यह कार्यक्रम देखभाल करने वालों और आम जनता को ऑटिज्म के लक्षणों, शुरुआती निदान के महत्व और स्पेक्ट्रम पर व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में चिकित्सा और सहायता प्रणालियों की भूमिका के बारे में शिक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। खुली बातचीत और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके, जागरूकता वॉक का उद्देश्य रूढ़ियों को चुनौती देना और ऑटिज्म से जुड़े कलंक को कम करना था सफदरजंग अस्पताल और सुशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने न्यूरोडायवर्सिटी जागरूकता को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को उनकी भलाई के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्राप्त हों।

# नगर निगम पर अरबों की जमीन को खुर्दबुर्द करने के कांग्रेस ने लगाये आरोप

**● - कांग्रेस महानगर कमेटी ने किया नगर निगम के खिलाफ आंदोलन का ऐलान**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** कांग्रेस ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाये हैं। कांग्रेस का कहना है कि बेशकीमती जमीनों को नगर निगम की मिली भगत से खुर्दबुर्द किया जा रहा है। कांग्रेस नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएगी। महानगर कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नगर निगम की तालाबंदी कर अधिकारियों का घेराव करने का एलान किया है। शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष यतेंद्र मुकदम कहा कि नगर निगम द्वारा राधा वैली के पास अरबों रुपए की निगम की जमीन की एनओसी देकर बिल्डरस को फायदा पहुंचाया है। राधा बेली के पास जो रेजिडेंसी बनी है उसमें एक बड़ा हिस्सा नगर निगम की जमीन का है। जिसकी एनओसी नगर निगम ने दी है हम नगर निगम की जमीन को ऐसे खुर्द बुर्द नहीं होने देंगे। नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है इसे रोकने के लिए कांग्रेस जन जागरण अभियान चलाएगा। हम मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश हुआ जिलाधिकारी से मांग करते हैं कि वह इस प्रकरण की जांच कराए और भ्रष्ट अधिकारियों व मेयर के खिलाफ कार्रवाई करें। पार्षद संतोष पाठक ने कहा कि




भ्रष्टाचार के तहत एनओसी अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जारी की है जो आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे है।

पत्रकार वार्ता में पार्षद पुनीत बघेल अबरार कुरैशी के अलावा प्रकाश शर्मा पूरन सिंह दीपक राहुल अरोड़ा दुर्गेश बघेल आदि उपस्थित थे।

# डंपर ने ऊंट गाड़ी को मारी टक्कर, किसान की मौत

**● - आगरा उत्तरी बाईपास हाईवे के निर्माण कार्य में लगा था डंपर**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** आगरा उत्तरी बाईपास हाईवे के निर्माण कार्य में लगे डंपर ने किसान की जान ले ली। दिनभर खेत में काम करने के बाद थकाहार किसान देर शाम ऊंट गाड़ी को लेकर खेत से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच एक डंपर ने ऊंट गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। करीब 50 मीटर तक डंपर उंट गाडी को अपने साथ घसीटता ले गया। हादसे में गांव नगला बेर के 32 वर्षीय किसान जितेंद्र उर्फ संजू की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना में किसान की मौत की सूचना गांव में पहुंची तो बडी संख्या में किसान घटना स्थल पर एकत्रित हो गये। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सडक पर जाम लगाने की सूचना थाना बलदेव पुलिस को मिली तो थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों में गुस्सां था, पुलिस ने समझा बुझा कर ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया




है। मृतक के परिजनों ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजे की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नव संवत्सर के उपलक्ष्य में लगाया रक्तदान शिविर

**मथुरा।** युवा ब्राह्मण संगठन एवं रक्तदाता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर गणेश बाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर मेला संचालक मनोज नागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष विशाल पाराशर ने बताया कि नवदुर्गा का पवित्र अवसर है और संगठन के द्वारा यह एक सराहनीय कार्य किया गया है जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। मंदिर महंत मनोज नागर ने बताया माता रानी के प्रांगण में इस तरह का पहला आयोजन है जिससे सभी ने महत्वपूर्ण योगदान देकर सफल बनाया माता रानी सभी की मनोकामना पूर्ण करें। अमित गोयल ने बताया शिविर में 31 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें युवाओं में बढ़चढ कर भाग लिया। संगठन के योगेश शर्मा एवं कुलदीप शास्त्री ने सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में मुख्य रूप से महंत मनोज नागर, कालीचरन अग्रवाल मनोज वार्ष्णेय पुनीत चौबे, रोहित शर्मा, मोहित शर्मा, अनीश रावत, कृष्णा सारस्वत व ब्लड बैंक से चिकित्सक पीएल गोयल, शुभम, राहुल, शिवांगी, भूपेंद्र, सचिन के साथ रक्तदाता फाउंडेशन से अमित गोयल व शुभम अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा, गंभीर घायल

### मशक्कत के बाद बस के नीचे फंसे युवक को निकाला

**मथुरा।** कोसीकलां में नंदगांव रोड पर एक रोडवेज बस ने बाइक सवार को बुरी तरह से रौंद दिया और काफी दूर तक घसीटकर ले गई। राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद बस के नीचे फंसी बाइक एवं युवक को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे अस्पताल के लिए भेजा है। घटना गुरुवार की सुबह कोसी नंदगांव रोड पर हरीपुरा गांव के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेजगति से दौड रही राजस्थान रोडवेज बस ने आगे जा रहे बाइक सवार को पहले टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। इस भीषण दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बस के नीचे फंसे बाइक सवार को बाहर निकाला। घायल युवक की पहचान इंदर पुत्र उदयराम 42 वर्ष निवासी गांव धमसींगा के रूप में हुई। लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' थीम पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**शहडोल।** जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम करकटी में आंगनबाड़ी केन्द्रो की कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के आयामों के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी एवं मिशन पोषण 0.2 अंतर्गत 'पोषण भी पढ़ाई भी' थीम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 03 से 06 वर्ष के बच्चों में शाला पूर्व शिक्षा की आधारशिला एवं 0 से 03 साल के बच्चों में नवचेतना गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाई विषय पर प्री टेस्ट, अपेक्षा अनुसार वातावरण, 'पोषण भी पढ़ाई भी' के लिए तर्क, प्रारंभिक बाल शिक्षा के महत्व, बच्चों की आकांक्षाओं की समझ, बच्चों में विकास के क्षेत्र का परिचय, भाषा और साक्षरता विषय, अधिगम सहायकों का महत्व व अधिगम सामग्री का निर्माण कक्षा का संचालन एवं बच्चों के लिए एक दिनचर्या की योजना बनाना आदि विषयों पर मुख्य रूप से







प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही पोषण विषय पर स्वस्थ बच्चे और मानव जीवन चक्र में पोषण की भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा, पोषण संबंधी उपायों पर चर्चा और प्रस्तुति, माइक्रो सूक्ष्म पोषण तत्वों की कमी विकारों पर चर्चा एवं प्रस्तुति पोषण परामर्श पर नाटक, सेम नेम बच्चों की पहचान रोकथाम प्रबंधन, स्तनपान के लाभ, स्तनपान की प्रारम्भिक शुरुआत और कोलेस्ट्रॉल के फायदे बताए गए।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन पोषण भी पढ़ाई भी, दिव्यांगता की पहचान, समावेशन के अधिकार पर सामूहिक चर्चा, जांच अनुसूचियां पर केस स्टडी और चर्चा, बाल पालन प्रणालियों की देखभाल करने वाले के प्रति जागरूकता पर सामूहिक चर्चा, 0 से 3 साल के पोषण पर चर्चा, एक शिक्षण केंद्र के रूप में मेरी आंगनबाड़ी एवं प्रशिक्षण के बाद प्रश्नोत्तरी और सहायक प्रतिबिंब प्रपत्र और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रूप से आनंद अग्रवाल परियोजना अधिकारी सोहागपुर, दीपा मिश्रा, सरवरी बेगम पर्यवेक्षक समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# महरौली थाना द्वारा दक्षिणी जिले में सक्रिय लुटेरों की गिरफ्तारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के महरौली थाना के कर्मचारियों ने एफआईआर संख्या 301/25 यू/एस 309(5)/3(5) बी.एन.एस. महरौली के मामले में सक्रिय लुटेरों की जोड़ी हैदर अली और मोहम्मद अनस को गिरफ्तार करके सराहनीय कार्य किया है। उनकी निशानदेही पर लूट का सामान यानी पीड़ित का पर्स जिसमें 12,200/- नकद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और अपराध में इस्तेमाल की गई 01 देशी पिस्तौल बरामद की गई है।नांगल देवत वसंत कुंज, दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि शाम करीब 6 बजे जब वह छतरपुर पहाड़ी पर अपने चाचा से मिलने जा रहा था,तो वह अंधेरिया मोड़ बस स्टैंड के पास रुका। इसी दौरान दो लुटेरों ने बंदूक की नोक पर उसका पर्स लूट लिया, जिसमें ?12,200, एटीएम कार्ड और आधार कार्ड था। इसलिए, थाना महरौली में एफआईआर संख्या 301/25 यू/एस 309(5)/ 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।जांच के दौरान, टीम ने अपराध स्थल के आसपास लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज एकत्र की और अपराधियों के बारे में कोई सुराग पाने के लिए सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया। घटना और कथित व्यक्तियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए शिकायतकर्ता से पूछताछ की गई। आरोपी की पहचान करने के लिए संदिग्ध की तस्वीरें भी पीड़ित को दिखाई गईं। टीम ने तकनीकी स्रोतों के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण इनपुट एकत्र किए और महत्वपूर्ण इनपुट को शुद्ध किया और मैनुअल और तकनीकी निगरानी के माध्यम से कुछ और महत्वपूर्ण इनपुट निकाले। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से टीम अपराध में शामिल कथित व्यक्तियों की तस्वीरें विकसित करने में सफल रही। उनकी




पहचान करने के लिए उनकी तस्वीरें पुलिस के जाल में प्रसारित की गईं। इसके अलावा, जेल से जमानत पर रिहा अपराधियों की सूची और इस तरह की गतिविधि में शामिल अपराधियों के डोजियर की जांच की गई। टीम के प्रयासों का फल तब मिला जब दोनों कथित व्यक्तियों की पहचान हैदर अली और मोहम्मद अनस के रूप में हुई। निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से उन्हें पिकनिक हट,महरौली से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने उपरोक्त अपराध कबूल कर लिया।

# इफको की शानदार उपलब्धि, दूसरे वर्ष में भी तीन हजार करोड़ लाभांश का अनुमान

**स्वतंत्र प्रभात**

**1 नं. पेज की शेष खबर**

नवाचार और उत्कृष्टता की बलवती भावना के साथ वित् वर्ष 2024-25 के दौरान हमने इफ़को नैनो यूरिया प्लस (तरल) की 268 लाख बॉटल और इफ़को नैनो डी ए पी की 97 लाख बॉटल, कुल 365 लाख बॉटल की उत्साहपूर्वक बिक्री सुनिश्चित की है जो कि गत वर्ष से क्रमशः 31 त्न नैनो यूरिया, 118 त्न नैनो डी ए पी एवं कुल 47 त्न अधिक है जोकि इस वर्ष समान्य उर्वरक के रूप में 12 लाख मेट्रिक टन यूरिया एवं 4.85 लाख मेट्रिक टन डी ए पी के बराबर है। इसके अंतर्गत 5 लाख नैनो उर्वरकों का निर्यात 40 देशों में सम्मलित है। इसी प्रकार समान्य उर्वरकों की बिक्री भी वर्ष 2024-25 में 112.48 लाख मेट्रिक टन है जो की 2 त्न गत वर्ष से अधिक है। जल विलय एवं विशिष्ट उर्वरक की बिक्री भी 1.30 लाख मेट्रिक टन हुई है जो की 2त्न अधिक है सागरिका तरल 11.55 लाख लीटर के साथ 33 त्न अधिक है, ग्रेन्युल 68000 में.टन के साथ 28त्न अधिक है तथा जैव उर्वरक भी 8.61 लाख लीटर के साथ 3त्न गत वर्ष से अधिक है।

वर्ष 2024-25 के दौरान इफको उर्वरकों का कुल प्रेषण 113.20 लाख मीट्रिक टन रहा है, जिसमें सब्सिडी वाले उर्वरक, डब्ल्यूएसएफ और विशेष उर्वरक शामिल हैं। यह 2023-24 के दौरान 111.04 लाख मीट्रिक टन के प्रेषण आंकड़े से 1.80त्न की वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष भेजे गए 113.20 लाख मीट्रिक टन में से 100.73 लाख मीट्रिक टन रेल (3620 रेक), 12.18 लाख मीट्रिक टन सड़क (38,578 ट्रक) और लगभग 0.28 लाख मीट्रिक टन तटीय मार्ग से भेजा गया।

इसके अलावा, नैनो उर्वरकों (यूरिया और डीएपी दोनों मिलाकर) का कुल प्रेषण सड़क मार्ग (2035 ट्रक) द्वारा 4.64 करोड़ बोतलें था। एनएफपी कलोल, फूलपुर और आंवला से नैनो यूरिया की 3.69 करोड़ बोतलें भेजी गई। कलोल और कोयंबटूर से नैनो डीएपी की 0.95 करोड़ बोतलें भेजी गई।

इफको टीम की निरंतर कड़ी मेहनत और योगदान से हम प्रचालन के उत्कृष्ट स्तर को छू पाने में सक्षम रहे। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इफ़को संयंत्रों से 93.17 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का उत्पादन हुआ, जिसमें 48.17 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 44.94 लाख मीट्रिक टन एनपीके/डीएपी/जल विलेय उर्वरक और विशेष उर्वरक शामिल हैं। फूलपुर-ढ्ढ और आंवला-ढ्ढ्ढ ने अब तक का सर्वाधिक यूरिया उत्पादन किया, तथा पारादीप इकाई ने अब तक का सर्वाधिक डीएपी/एनपी उत्पादन किया। इफको का कर-पूर्व लाभ ?3000 करोड़ से अधिक होने की आशा है। स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट ग्रुप की विशेषज्ञता के परिणामस्वरूप विदेशी उद्यमों के लाभप्रद प्रचालन से इफको को अच्छा वित्तीय लाभ हुआ है।

कृत्रिम मेधा युक्त भर्ती प्रक्रिया संचालित करने और नैनो उत्पादों के पेटेंट पंजीकरण संबंधी उत्कृष्ट कार्य के लिए मैं मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध और विधि टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ। इफको परिवार के बहुमूल्य योगदान, समर्पण और सहयोग के कारण ही इस वित्त वर्ष में हमें यह शानदार सफलता मिली है। इस अवसर पर मैं इफको की सभी इकाइयों, संयंत्रों, विपणन, वित्त, वाणिज्यिक, सीआर, आईटी, मानव संसाधन व विधि, जन संपर्क, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, सुरक्षा और संरक्षा, रियल एस्टेट और सिविल, सतर्कता और अन्य टीमों के सभी सदस्यों को उनकी दृढ़ता और कड़ी मेहनत के लिए बधाई देता हूँ। मैं इफको के सभी संयुक्त उपक्रमों, सहायक कंपनियों और सहयोगियों के प्रबंधन को उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन और समर्पित सहयोग के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। मित्रो, हमारी मातृ इकाई कलोल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अप्रैल 2025 के प्रथम सप्ताह में इकाई का स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही कला और साहित्य के संवर्धन हेतु इफको के भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ द्वारा महान कथाशिल्पी श्रीलाल शुक्ल का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है।




मित्रो, मुझे आईसीए सम्मेलन 2024 के दौरान रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड प्राप्त हुआ। मैं यह सम्मान इफको के अपने सभी साथियों को समर्पित करता हूँ। किसानों की भलाई के लिए अथक प्रयास कर रहे इफको के सभी कर्मचारियों और प्रबंधन के अटूट समर्थन और समर्पण के कारण ही यह संभव हुआ है। मैं आपको यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने और देश के कृषि क्षेत्र में बदलाव लाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों को विकसित करने की दिशा में इफको आगे भी काम करना जारी रखेगा। मैं इफको अध्यक्ष, दिलीप संघाणी, उपाध्यक्ष बलवीर सिंह और इफको निदेशक मंडल के सभी निदेशकों को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं इफको के सभी कर्मचारियों, इफको कर्मचारी संघ और इफको अधिकारी संघ को संस्था के प्रति उनके सहयोग और समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जिनका बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन हमारी संस्था को निरंतर मिलता रहता है। मैं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रसाद नड्डा जी को उर्वरक क्षेत्र को मजबूत करने के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि अपनी मजबूत नींव के साथ आने वाले वित्तीय वर्ष में भी हम अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

# स्वीकृत प्रजाति एवं स्वस्थ बीज बोए गन्ना किसान की सलाह गोष्ठी में दी गई

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के परिक्षेत्र अलीगंज के ग्राम बगौडा में बृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में आशुतोष मधुकर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला एवं पी.एस चतुर्वेदी वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना गोला व अन्य विभागीय व चीनी मिल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में लगभग 165 कृषकों ने भाग लिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने स्वीकृत गन्ना प्रजातियों एवं स्वस्थ गन्ना बीज का चयन कर गन्ना बुआई करने एवं गन्ना विकास परिषद में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा उसमें देय अनुदान तथा समिति में उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों को किफायती दरों पर किराये पर ले जाकर उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ कमाना तथा ड्रिप सिंचाई एवं पंचामृत खेती इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसी क्रम में गोला मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ने बताया कि पौधे गन्ने की कटाई के तुरन्त बाद ठूठों की छटाई आर एम डी से करें, तत्पश्चात जहाँ फुटाव कम हो वहाँ ईथाफोन का स्प्रे ठूठों पर करें, जिससे पेड़ी का फुटाव अच्छा होता है साथ ही उन्होंने गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिंचाई करके खाद/उर्वरक डालने, निराई/गुड़ाई करने व रिक्त स्थान भरने की सलाह दी।उपस्थित कृषकों को बताया गया कि 75 किग्रा यूरिया,100 किग्रा सिंगल सुपर फास्फेट एवं 50 किग्रा म्यूरेट ऑफ़ पोटाश प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें तथा चोटी बेधक कीट के बचाव हेतु कोराजन की ड्रैंचिंग करें। इस समय शरद काल मे बोये हुए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में टॉप बोरर की प्रथम पीढ़ी की तितली व पत्तियों की निचली सतह पर इसके अंड समूह दिखाई पड़ रहे है। इसलिए टॉप बोरर से बचाव हेतु शरद काल मे बोये गए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में तत्काल कोराजन/सुपर सिक्सर की ड्रेंचिग कराये।साथ ही यह भी बताया कि विगत वर्ष टॉप बोरर की चौथी पीढ़ी ने गन्ने की फसल को बहुत अधिक नुकसान पहुँचाया था। इस लिए इस बार इससे बचाव हेतु जुलाई-अगस्त महीने में अपने क्षेत्रीय मिल सुपरवाइजर से सम्पर्क करके पुनः फरटेरा या वर्टाको(दानेदार) का प्रयोग अवश्य करें। इसी क्रम में प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने उन्नतशील गन्ना प्रजातियों को0 0118,को015023,कोशा013235 व जलभराव वाले क्षेत्र में को098014 के दो आंख के टुकड़े कर बीज शोधन फफूंदीनाशक (प्रिज्म) से व भूमि शोधन ट्राइकोडर्मा(बायोक्योर/संजीवनी) से कर बुआई करने की सलाह दी।मंच संचालन वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना संजीव सिरोही ने किया। गोष्ठी में गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम,गन्ना अधिकारी दीपक सिंह सहित समिति व मिल के गन्ना सुपरवाइजर उपस्थित रहे।